
CMYK

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
नई दिल्ली, रविवार 5 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद पेज 2




जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया खेल टाइम्स



पीओके में झुकी पाक सरकार, प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी पेज 11



रश्मिका मंदाना और विजय की सगाई का दावा बॉलीवुड

## उत्तर प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की औपचारिक घोषणा कर दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने सार्वजनिक सभा में इसका ऐलान किया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सात अक्टूबर को प्रदेश भर में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी आदित्यनाथ ने एक हफ्ते पहले श्रावस्ती जिले से वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है।

## भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी: नीरव मोदी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया, तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टार्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवम्बर को हो सकती है। हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर यूके की अदालत पूछेगी, तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।

## जुबीन को मैनेजर व ऑर्गनाइजर ने जहर दिया: दोस्त

**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था।

## वर्चुअल सुनवाई में अंडरगार्मेंट्स पहनने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में शर्मनाक हरकत करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस में सिर्फ अंडरगार्मेंट्स पहनकर शामिल हुआ और शराब-सिगरेट पीता रहा। कोर्ट की ओर से कई बार बाहर जाने की चेतावनी देने के बावजूद वह नहीं निकला और सुनवाई में बाधा डालता रहा।

### विज्ञान भवन में आईटीआई के टॉपर्स सम्मानित

# आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकता: मोदी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया।

पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। आज इसी परंपरा की एक और कड़ी के साक्षी हम सभी बन रहे हैं। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

■ **पीएम ने 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का किया अनावरण**

यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के हजारों युवा हमसे जुड़े हैं। इस पीढ़ी को शायद अंदाजा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। कौन सा माता-पिता नहीं चाहेगा कि उसका बच्चा यहां पढ़े और आगे बढ़े? लेकिन मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई। सौभाग्य से बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी और हम सब गवाह हैं कि कैसे पूरी एनडीए टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया... मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है।

# मप्र के बाद कफ सिरप को लेकर देशभर में छापेमारी

## कोल्ड्रिफ सिरप बैन, मध्य प्रदेश में 10 व राजस्थान में दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर -शेष पृष्ठ दो पर



■ **सभी बच्चों की उम्र एक से 5 साल के बीच**

### भारत में पहले भी कफ सिरप हुए हैं बैन

**नई दिल्ली।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय कंपनियों के बनाए कफ सिरप पर सवाल उठे हों। साल 2022 में भी पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया में हरियाणा की मेडेन फॉर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत के बने कई कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया था। डब्ल्यूएचओ ने चार कफ सिरप प्रोमेथाजिन ओरल सॉल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप, बेबी कफ सिरप, मैग्रीप एन. कोल्ड सिरप को खतरनाक बताया था। ये सभी सिरप भारत के हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा बनाए गए थे। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया था कि इन सिरप में हानिकारक तत्व पाए गए हैं, जो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं से साफ है कि भारत को दवा निर्माण और उनकी गुणवत्ता पर और भी सख्ती से नजर रखने की जरूरत है।

## केजरीवाल का शीशमहल गेस्ट हाउस में तब्दील होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राज्य के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के उस बंगले (सीएम हाउस) को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी में है। इसके रेनोवेशन के लिए केजरीवाल पर 45 करोड़ खर्च करने का आरोप लगाया गया था। ये बंगला 6, फ्लैग रोड पर मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक, बंगले के गेस्ट हाउस में तब्दील होने के बाद इसमें पार्किंग स्पेस, कैफेटेरिया, वेटिंग हॉल, मीटिंग रूम समेत अन्य सुविधाएं होगीं। अन्य गेस्ट हाउस की तरह ही अधिकारी-मंत्री भी यहां ठहर सकेंगे और किराया भी भरेंगे। इसके अलावा अन्य स्टेट हाउस की तरह यहां ट्रेडिशनल फूड मिलेगा, इसका लुत्फ आम जनता भी ले सकेगी। फिलहाल इस प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। बंगले की देखरेख के लिए 10 कर्मचारी तैनात हैं, जो साफ-सफाई और दूसरी व्यवस्थाएं संभालते हैं। अरविंद केजरीवाल साल 2015 से 2024 तक इस बंगले में परिवार समेत रहे थे। इसके रेनोवेशन पर हुए खर्च पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया था।

# सम्भल में मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद व मैरिज हॉल के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में त्वरित सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी, जो शनिवार को खारिज कर दी गई। आरोप है कि यह मस्जिद सरकारी तालाब की जमीन पर बनी थी।



■ **सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट का रोक लगाने से इन्कार**

इस मामले में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। यह फैसला न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने दिया है। दरअसल यह याचिका सरकारी जमीन से बेदखली की कार्रवाई के खिलाफ उपलब्ध वैकल्पिक विधिक उपचार के कारण खारिज की गई है। बहस के बाद याची मुस्लिम पक्षकारों ने याचिका वापस ले ली। हाईकोर्ट ने कहा कि याची तहसीलदार की ओर से जारी बेदखली आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने अपीलीय प्राधिकारी को मुस्लिम पक्षकारों की अपील पर हाईकोर्ट के इस आदेश से प्रभावित हुए बिना गुणदोष के आधार पर फैसला लेने का निर्देश दिया है। सम्भल में तालाब की जमीन पर बने मैरिज हॉल और मस्जिद के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में मस्जिद कमेटी ने तत्काल सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी। मामले में शुक्रवार की दोपहर सुनवाई तो हुई लेकिन कोर्ट ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट, 65 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

**मुंबई।** गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है।

महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर तक साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्ति अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व- उत्तर- पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा।

■ **समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका**

# पत्नी की बेवफाई के चलते युवक चार बच्चों को लेकर यमुना में कूदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कैराना में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी एक युवक के आत्महत्या के इरादे से अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

युवक ने घटना से पहले तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी विवाहित बहन को भेजे हैं। वीडियो देखने के बाद ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई। वहीं, प्राइवेट व पीएसी के गोताखोर युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। शनिवार सुबह यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी युवक सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व नायब तहसीलदार सतीश यादव यमुना नदी पर पहुंचे तथा युवक व उसके बच्चों की तलाश में सर्च अभियान शुरू कराया। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने -शेष पृष्ठ दो पर

■ **युवक ने घटना से पहले वीडियो बनाकर बहन को भेजा**

# भारत छह नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) को टेंडर जारी किया है।

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे। एके-630 सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

■ **एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा सिस्टम, 4 किमी रेंज, पाकिस्तान बॉर्डर पर किया जाएगा तैनात**

■ **ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जरूरत हुई थी महसूस**



### भारत रूस से और एस-400 डिफेंस सिस्टम खरीदेगा!

**नई दिल्ली।** भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। नई डील इनके अलावा होगी। एक न्यूज एजेंसी के सोर्स के मुताबिक, दिसम्बर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। यह वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा पांच अक्टूबर से स्थगित रहेगी

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की चेतावनी के मद्देनजर रविवार से स्थगित रहेगी। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारतीय मौसम विभाग की खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी और 8 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक चैनलों के माध्यम से नई जानकारी पा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जो श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

### सौमित्र ने इंडियन ऑयल में निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल में हाल ही में निदेशक (विपणन) नियुक्त किए गए सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सेल्स फंक्शन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में भी चार साल तक काम किया है। श्रीवास्तव की नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख है।

# फर्रुखाबाद के कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, दो की मौत, पांच छात्र गंभीर

**फर्रुखाबाद, वार्ता**

यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लॉस्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और

**■ शवों के चीथड़े उड़े बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं**

पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें धमाका होता दिख रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएमओ के अनुसार एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा दो बच्चों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# बड़े भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो

## 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों के लिए सीएम योगी ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भूजल के स्तर को बनाए रखने के लिए वर्षा जल का संचयन की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम अनिवाए किया जाना चाहिए।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिता का विषय बन चुका है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल



प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्एक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें।

## मौलाना के करीबी नफीस के बारात घर पर चला बुलडोजर

# बरेली में रजा पैलेस को तहस-नहस किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली हिंसा मामले में पुलिस-प्रशासन की मौलाना तौकीर रजा के गुर्गो और रिश्तेदारों पर कार्रवाई हो रही है। इसी के तहत शनिवार को मौलाना के गुर्गे नफीस के 'रजा पैलेस' नाम के बारात घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। इससे पहले बीते मंगलवार को बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) ने सपा पार्षद व तौकीर रजा के रिश्तेदार उमान रजा के गैराज को ध्वस्त कर दिया था। साथ ही उसकी दो नवनिर्मित दुकानें भी सील कर दी थीं।

शहर के जखीरा मोहल्ले में स्थित रजा पैलेस डा. नफीस का है। नफीस को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोप है कि यह मौलाना का सबसे



**■ पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी**

करीबी है और हिंसा का मुख्य आरोपी है। इसी ने लोगों को भड़काया था, जिसके बाद काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

जब पुलिस 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर हटाने गई थी, तब नफीस ने एक इंस्पेक्टर से कहा था कि पुलिस के हाथ काट लूंगा, पोस्टर को हाथ भी मत लगाना। नफीस के साथ-साथ पुलिस ने उसके बेटे को भी जेल भेजा है। एक्शन को लेकर बरेली की डिप्टी एसपी सोनाली मिश्रा ने बताया कि यह अभियान बरेली जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है और हम सुरक्षा प्रदान करने के लिए यहां मौजूद हैं। पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अभी तक पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौलाना तौकीर रजा फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। एसपी अनुराग आर्य ने पत्रकारों को बताया था कि हिंसा वाले दिन मस्जिदों में नमाज का वक्त जानबूझकर बदला गया था।

### बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बरेली के लिए निकलने से पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं को नजरबंद कर लिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि वो बरेली जा रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर उन्हें रोक दिया गया है। उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की दलील है कि सपा नेताओं के जाने से माहौल खराब होगा, लेकिन सच्चाई ये है कि प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

### अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रहा प्रशासनः माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को शनिवार को बरेली जाने से पहले ही लखनऊ में पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। इस बीच पांडेय ने प्रशासन पर अपनी नाकामी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाक़ात कर आगे की रणनीति तय करेंगे। पांडेय ने कहा कि मैं आज बरेली के लिए निकल रहा था उसी समय पुलिस ने मुझे रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया। मुझे बताया गया कि बरेली में निषेधाज्ञा लागू है। आपके वहां जाने से माहौल बिगड़ सकता है।

# बरेली में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं विपक्षी नेताः राठौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ यूपी के राज्यमंत्री राठौर ने लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेता बरेली में माहौल खराब करने की साजिश कर रहे है, मगर सरकार किसी को भी अमन चैन बिगाड़ने की अनुमति नहीं देगी। राठौर ने कहा कि बरेली में अब पूरी तरह अमन और चैन है।

पुलिस ने समय से कार्रवाई कर उपद्रव फैलाने की हर साजिश को विफल कर दिया, जो भी विपक्षी सांसद या नेता बरेली जाने की बात कर रहे हैं, वे सिर्फ माहौल खराब करने की साजिश के तहत ऐसा कर रहे हैं। सरकार किसी को भी बरेली का अमन चैन बिगाड़ने की इजाजत नहीं देगी। सपा के सांसद और नेता अब बरेली जाकर उन्हीं उपद्रवियों के लिए आंसू बहाने की तैयारी में हैं, जिन्होंने पुलिस और निर्दोष लोगों की जान लेने की कोशिश की। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि वे किसके लिए बरेली जा रहे हैं, उन लोगों के लिए जिन्होंने कानून तोड़ा, पत्थर फेंके और पुलिस पर हमला किया। किसी निर्दोष को नुकसान नहीं हुआ, केवल कानून तोड़ने वालों को जेल भेजा गया है। राठौर ने कहा कि विपक्षी दलों को लगा था कि बरेली आग में झुलसेगा और उन्हें राजनीतिक फायदा मिलेगा, लेकिन प्रशासन की सख्त कार्रवाई ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। जो लोग दूसरों की लाशों पर राजनीतिक रोटियां संकते हैं, अब जनता उन्हें अच्छी तरह पहचान चुकी है। जो पहले संविधान की दुहाई देते थे, वही आज संविधान तोड़ने और हिसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति साफ है, कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और शांति भंग करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 116000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# पीएम मित्र पार्क में अब तक मिले पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ और हरदोई जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क में निवेश को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग की ओर से अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए जा चुके हैं। इनमें देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम करेंगी।

आदित्य बिरला ग्रुप ने 30 एकड़ भूमि में स्पिनिग और वीविग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। वहीं जीईएसएल स्पिनर्स 20 एकड़ में





टेक्निकल टेक्सटाइल यार्न यूनिट लगाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, एसएवीएम इंक डी 25 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, जियोसिस इंडिया 25 एकड़ में जियोग्रिड टेक्निकल टेक्सटाइल्स और टीटी लिमिटेड 5 एकड़ में गारमेंट यूनिट लगाने जा रही हैं। इतना ही नहीं, आरजीआई मेडिटेक 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स और डायपर्स यूनिट, वीडी ग्रुप 10 एकड़ में पॉलीप्रोपिलीन फैब्रिक यूनिट, माराल ओवरसीज 5 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिग हब स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना कुल 1000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें 730 एकड़ लखनऊ जनपद और 270 एकड़ हरदोई जनपद में शामिल हैं। पार्क के निर्माण के बाद 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एक एसपीवी का गठन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की और 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी।

### आसमान छूती कीमतों से घटी सोने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस दशहरे पर सोने की मांग में भारी गिरावट देखी गई और पिछले साल इसी त्योहार के दौरान 24 टन की तुलना में बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 18 टन रह गई। यानी कहा जा सकता है कि इस दशहरा पर लोगों का मोह सोने से भंग हो गया। मांग में आई गिरावट की मुख्य वजह सोने की आसमान छूती कीमतें भी रहीं। इतना ही नहीं दिवाली के मौके पर इसकी कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि यह तेजी अभी खत्म नहीं हुई है और दिवाली से पहले ही सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर दामों के हिसाब से देखा जाए तो गोल्ड की बिक्री में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कीमतों में हुए इजाफे को दर्शाती है। गुरुवार को मनाए गए दशहरे पर सोने की कीमत 1.16 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। विश्लेषकों का अनुमान है कि दिवाली तक सोना 1,22,000 और चांदी 1,50,000 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय बैंक की नरम नीतियों, भू-राजनीतिक चिंताओं और बढ़ती मांग से इस तेजी को बल मिल रहा है।

# चावल-चीनी नरम, खाद्य तेल-दालों के दाम भी घटे, गेहूं में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों के दाम फिसल गए। चीनी में भी नरमी रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 30 रुपए घटकर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं के भाव 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहे। आटे की कीमत सात रुपए बढ़ी और यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की औसत कीमत 16 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपए और मूंगफली तेल 343 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया



तेल की कीमत 20 रुपए और वनस्पति के दाम 49 रुपए प्रति क्विंटल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 39 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत 41 रुपए और उड़द दाल की 29 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 122 रुपए और मसूर दाल 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़. चीनीः मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 18 रुपए प्रति क्विंटल घटा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः दाल-दलहनः दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल।

अनाज : गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मप्र के....**

को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक-एक कर 6 बच्चों की मौत हो गई। एमपी स्टेट फूड एंड ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य ने शनिवार को बताया कि कोल्ड्रिफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, इसकी मात्रा तय मात्रा से ज्यादा थी। इसी कारण यह सिरप विषैला पाया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट में 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य उन खामियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की क्वालिटी में कमी आई है। राजस्थान में कप सिरप पीने से भरतपुर और सीकर में एक-एक मौतें सामने आई हैं। शुरुआती जांच में डीट्रोमेथार्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आईपी का नाम सामने आया। यह दवाई एक निजी फार्मा कंपनी केसंस फार्मा तैयार करती है। यहां भी बच्चों की मौत की वजह किडनी फेल होने की बात बताई गई। इसके बाद शनिवार को सरकार एक्शन में आई। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा को निलंबित कर दिया। इससे पहले, शर्मा ने कंपनी को जांच में क्लीन चिट दी थी। एमपी के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्या ने बताया था कि स्वास्थ्य विभाग ने दोनों कफ सिरप का प्रोडक्शन रुकवाने के लिए तमिलनाडु और हिमाचल को पत्र लिखा है। तमिलनाडु सरकार ने मप्र की ओर से पत्र मिलते ही 24 घंटे के भीतर कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) का सैंपल लेकर जांच कराई। इसमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल(डीईजी) 48.6 फीसदी मिला, जो एक विषैला पदार्थ है। इसके तुरंत बाद पूरे तमिलनाडु में इसके उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी करके कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाएं। सरकार ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद एडवाइजरी जारी की है। इससे बड़े बच्चों को यदि कफ सिरप दिया जाए, तो उनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। यानी जिस बच्चे को दवा दी जा रही है, उसे कड़ी निगरानी में रखा जाए। उसे उचित खुराक दी जाए। कम से कम समय के लिए दवा दी जाए। कई दवाओं के साथ कफ सिरप नहीं दिया जाए। डीजीएचएस की डा. सुनीता शर्मा ने यह एडवाइजरी जारी की है।

**पत्नी की बेवफाई...** भी यमुना नदी पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की। शाम तक प्राइवेट व पीएसी के करीब दर्जनभर गोताखोर दो मोटरबोट से युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए थे, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं, एएसपी ने बताया कि कैराना निवासी सलमान नामक युवक के अपने चार बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदने की सूचना पुलिस-प्रशासन को मिली है। हालांकि युवक के बच्चों समेत नदी के कूदने की अभी तक कोई पुष्टि नही हो सकी है। युवक की तलाश में यमुना नदी ने सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

**भारत छह...**

मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा,जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो- ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है। भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडी) का पहला टेस्ट कामयाब रहा था। यह टेस्ट 24 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया था। आईएडी एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है। ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शार्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। पंजाब के आदमपुर एयरबेस से 13 मई को पीएम मोदी ने जिस एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की थी, वह भारत का आकाशतीर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी मदद से ही पाकिस्तान की ओर से आ रहे सैकड़ों ड्रोन, मिसाइल और राकेट को हवा में ही मार गिराया गया था। इसे भारत का आयरन डोम कहा गया है।

# चुनाव आयोग भाजपा की बी-टीमः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बेवजह की कवायद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग ने यह पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया है और आरोप लगाया है कि इस अभियान का मकसद सिर्फ भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी फायदा पहुंचाना है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा तथा उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि चुनाव आयोग को उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है। भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहा चुनाव आयोग पूरी तरह से अनैतिक काम करने पर उतर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है। अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, कमजोरी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# करोड़ों की हेरोइन के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली में ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से १.५ किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई राजधानी में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, इंस्पेक्टर नितेश कुमार की टीम को २९ अगस्त को सूचना मिली थी कि एक युवक दिल्ली में हेरोइन की डिलीवरी करने वाला है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इंस्पेक्टर नितेश कुमार के नेतृत्व में एसीपी राज कुमार की देखरेख में एसआई रविंदर, एचसी सनी सांग. वान, एचसी गुलशन, एचसी परमा. ेद, एचसी संजीव और कॉन्स्टेबल दिनेश की टीम ने स्वारूप नगर एक्सटेंशन और भलस्वा डेयरी के पास घेराबंदी कर आरोपी इंजमाम-उल-हक (उम्र २५ वर्ष) को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से १२५९ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। पूछताछ में इंजमाम ने बताया कि वह कुख्यात अपराधी बाबू खान के साथ मिलकर दिल्ली में नशे की सप्लाई करता था। बाबू खान जहांगीरपुरी इलाके का बदनाम बदमाश है और उस पर हत्या के प्रयास, लूटपाट, अवैध शराब तस्करी, एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और पुलिसकर्मियों को धमकाने जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में जमानत पर छूटा था और बाहर आते ही फिर से ड्रग्स की सप्लाई में लग गया था।

इंजमाम की गिरफ्तारी के बाद बाबू खान भूमिगत हो गया, लेकिन एएनटीएफ टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस कर ली। इसके बाद एसआई सौम्या के नेतृत्व में टीम ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया, जब वह एक बड़ी खेप की डिलीवरी देने जा रहा था। जांच में पता चला कि इंजमाम पहले अवैध शराब बेचने का काम करता था और फिर जल्दी पैसे कमाने के लालच में नशे के धंधे में उतर गया।

वहीं, पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर का रहने वाला बाबू खान जहांगीरपुरी का "बैड कैरेक्टर" है, जो इलाके में लंबे समय से अपराधी गतिविधियों में शामिल रहा है।

दोनों की गिरफ्तारी से दिल्ली पुलिस को नशे के जाल को तोड़ने में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अवैध पटाखों के साथ महिला पकड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस की एएटीएस की टीम ने १५० किलोग्राम अवैध पटाखों के साथ एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि दिल्ली सरकार ने शहर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए, हरित पटाखों सहित सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और खरीद पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इन निर्देशों के अनुपालन में और दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए, उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने पटाखों की बिक्री, खरीद और उपयोग के खिलाफ एक विशेष तलाशी अभियान शुरू किया है। इसके अलावा, ऑपरेशन सेल को विशेष रूप से ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का काम सौंपा गया है।

# विदेश में बैठे गैंगस्टरों पर लगेगा ट्रायल इन एब्सेंस कानून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विदेश में बैठे गैंगस्टरों के खिलाफ दिल्ली पुलिस नए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत ट्रायल इन एब्स्टेन्शिया (ट्रायल इन एब्सेंस) कानून लगाएगी। इसके तहत गैंगस्टरों व बदमाशों पर मकोका लगाया जाएगा। इस कानून के तहत गैंगस्टरों को दोषी ठहराया जा सकेगा जिससे भारत में उनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

इस कानून को लागू करने वाली दिल्ली पुलिस देश की पहली पुलिस बन गई है। दिल्ली पुलिस के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि सरकार बीएनएसएस के तहत एक नया कानून लेकर आई है। बीएनएनएस की धारा ३५६ के तहत ट्रायल इन एब्सेंस के प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो पुराने दंड प्रक्रिया सं. हता (सीआरपीसी), १९७३ से काफी अलग है। इस नई व्यवस्था के तहत न्यायालय कुछ खास परिस्थितियों में फरार घोषित किए गए अपराधी की अनुपस्थिति में भी मुकदमे की सुनवाई कर सकती है। उसे दोषी करार देने और सजा सुनाने की कार्रवाई कर सकता है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह प्रावधान विशेष रूप से उन भगोड़े अपराधियों के लिए है, जो न्याय से बचने के लिए जानबूझकर अदालत में पेश होने से बचते हैं। इसके तहत दिल्ली पुलिस अब विदेश में बैठे गैंगस्टर व उनके गैंग के सदस्यों के खिलाफ मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल आफ आर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) लगा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व अपराध शाखा पिछले दिनों कई गैंगस्टरों के खिलाफ मकोका लगा चुकी है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विदेश में बैठे नंदू व उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ मकोका लगाया है।

अपराध शाखा के सूत्रों से पता लगा है कि दिल्ली पुलिस एक-दो दिन में विदेश में बैठे व अपराध दुनिया में तेजी से उभरे हिमांशु भाऊ के खिलाफ भी मकोका लगाने जा रही है। इससे पहले हाशिम बाबा, छैन्नू गैंग और सारिक साबा, जो भतीजे के साथ दुबई में बैठा है, के खिलाफ मकोका लगाया जा चुका है। दिल्ली पुलिस गैंगस्टर के खिलाफ मकोका लगा रही है। विदेश में बैठे गैंगस्टर के खिलाफ बीएनएसएस की धारा ३५६ लगाने की शुरूआत कर दी गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वितरित किए सहायक उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में मेजबान बैंक्वेट हॉल, सीबीडी ग्राउंड, कड़कड़डूमा में भारत सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना एवं एडीप योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरणों के वितरण हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में एलिम्को द्वारा पूर्व चिन्हित 417 लाभार्थियों को लगभग 31.84 लाख की लागत से 2,362 सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया था। जिसमें सहायक उपकरण मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसा इकिल, कान की मशीन, व्हील चेयर, कमोड चेयर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री व पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सभी से आह्वान किया कि हम मिलकर एक ऐसा समावेशी समाज बनाएं। यमुनापार विकास बोर्ड चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली ने वृद्धजनों के प्रति सम्मान और सहानुभूति का संदेश देते हुए समाज से आग्रह किया। भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने भाजपा शाहदरा जिला के सभी मण्डल अध्यक्षों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया उन्होने पंजीकरण शिविर में विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, यमुनापार विकास बोर्ड चेयरमैन सरदार अरविंदर सिंह लवली, विधायक ड्रॉ अनिल गोयल व संजय गोयल, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, प्रदेश मंत्री सारिका जैन,शाहदरा जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, डिप्टी चेयरमैन राजू सचदेवा, पार्षद पंकज लूथरा, मीनाक्षी शर्मा, यशपाल कैन्तूरा, ड्रॉ मोनिका पंत, बहन प्रीति, अलका राधव, नीलम चौधरी, संदीप कपूर, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा,संतोष पाल, कैलाश जैन सहित केंद्र सरकार के कई अधिकारी मौजूद रहे।



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सहायक उपकरण वितरित करते केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा व भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा साथ में हैं भाजपा के अन्य नेतागण।

## एक नजर

### एयरपोर्ट पर ट्रॉली में छिपाकर ले जा रहे बीस लाख की ड्रग्स जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआईएसफ ने इम्फाल हवाई अड्डे से दिल्ली जाने वाले दो युवकों को २१.३६ किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर महिला सब इंस्पेक्टर चौधरी बिदियाबाई देवी और मधु प्रस्थान द्वार और रैंडम एक्स-बीआईएसपॉइंट पर ड्यूटी पर थीं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-११४३ से यात्रा कर रहे दो यात्रियों को रैंडम जांच के लिए विमान से बाहर निकाला। उनके सामान की जांच की गई। उनके दो ट्रॉली बैग से गांजा बरामद किया। जब्त गांजा की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब बीस लाख रुपये से ज्यादा थी। दोनों मणिपुर के इंफाल पश्चिम के रहने वाले थे। दोनों को सिंगजामेई पुलिस को सौंप दिया गया। जिनसे उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है।

### ज्वेलरी रिटेल को लॉन्च किया ओरा कनेक्टेड

**नई दिल्ली।** एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स एवं डायमंड ज्वेलरी कंपनी, ओरा ने मिलकर 'ओरा कनेक्टेड' का लॉन्च किया। इस अभियान के अंतर्गत कंपनी सभी चौनलों में इंटीग्रेटेड और व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लेकर आएगी। ओरा कनेक्टेड के अंतर्गत ब्रांड द्वारा एजेंटफोर्स, सेल्स क्लाउड, सर्विस क्लाउड, मार्केटिंग क्लाउड और टेबलो की मदद से अपने डिजिटल और फिजिकल स्टोर्स को कनेक्ट किया जाएगा, जिससे ग्राहकों के साथ जुड़ाव मजबूत होगा तथा सभी चौनलों में व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव सुनिश्चित प्राप्त हो सकेगा। इससे ऑपरेशनल एफिशियंसी आएगी और सेल्स में वृद्धि होगी। दीपू मेहता, एमडी एवं फाउंडर, ओरा फाईन ज्वेलरी ने कहा सेल्सफोर्स की मदद से हम हर ग्राहक की व्यक्तिगत जरूरत के अनुरूप सुझाव दे सकेंगे। अदिति शर्मा, रीजनल वाईस प्रेसिडेंट - रिटेल एंड कंज्यूमर गुड्स इंडस्ट्री, सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा, आज के ग्राहक हर टचपॉईंट में सुगम और व्यक्तिगत अनुभव चाहते हैं। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा उनकी ये अपेक्षाएं पूरी हो सकेंगी



### गाजीपुर मंडी में मनाया गया मंडी अध्यक्ष का जन्मदिन

**नई दिल्ली।** गाजीपुर सब्जी मंडी मे मंडी अध्यक्ष सुरेंद्र गोस्वामी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया स इस मौके पर वहां के दुकानदारों ने ढोल-नगाड़े बजाए और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई स इस मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि यह मंडी उनका घर है और यहां के सभी दुकानदार उनके परिवार के सदस्य है अगर किसी को भी कोई परेशानी होती है तो वह उसके साथ खड़े मिलेंगे। आढ़ती नूर मोहम्मद उर्फ काले ने बताया जब से सुरेंद्र गोस्वामी अध्यक्ष बने है तब से कोई असामाजिक तत्वों का मंडी में आना बंद हो गया है स महेंद्र सिंह चौहान ने बताया इनके अध्यक्ष बनने से पहले गाजीपुर सब्जी मंडी में काफी परेशानियां थी अब काफी हद तक यहां सुधार हुआ है स इस मौके पर आरिफ कुरैशी, हाजी अहसान, लाला जितेंद्र, हाजी मुकीम उपस्थित थे।

### एनडीएमसी ने शिकायत निवारण सुविधा शिविर का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 78 शिकायतें प्राप्त की। निवा. सियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

## झड़प के बाद जेएनयू में एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दशहरा कार्यक्रम में छात्र संगठनों के बीच हुए बवाल को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में डीन छात्र कार्यालय ने एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के अनुसार विवि में किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनुमति ली जानी चाहिए। ऐसा न करने पर आयोजकों के खिलाफ यूनिवर्सिटी नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

हॉस्टल में रहने वाले निवासियों को सतर्क रहने और परिसर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का परामर्श है। विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में आया है कि बृहस्पतिवार को परिसर में छात्रों के दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ। जेएनयू प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। प्रशासन ने कहा कि परिसर में सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पराली जलाने पर पूरी तरह से रोक लगाने को अपनाया सख्त रुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में हवा को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पराली जलाने पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सख्त रुख अपनाया है। पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए आयोग ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व यूपी की सरकारों को सख्त निर्देश दिए हैं।

आयोग ने जिलाधिकारियों, जिला मजिस्ट्रेटों और उपायुक्तों को उनके क्षेत्राधिकार में पराली जलाने से रोकने में विफल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए अधिकृत किया है। दरअसल, पराली जलाने से निकला धुआं दिल्ली-एनसीआर की हवा को दमघोंटू बनाता है। मानसून की वापसी और तापमान गिरने के साथ इसका असर भी दिखने लगता है। इसे रोकने के लिए आयोग ने बीते साल १० अक्तूबर के अपने आदेश को और सख्त बना दिया है।

जारी नए आदेश में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश व राजस्थान के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों के जिलाधिकारियों और दिल्ली के जिला उपायुक्तों को पराली जलाने पर रोक लगाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ अदालत में शिकायत दर्ज करने का अधिकार दिया गया है। इसके दायरे में नोडल और पर्यवेक्षी अधिकारी और थानाध्यक्ष (एसएचओ) आएंगे। इस आदेश से साफ है कि अब पराली जलाने वालों के साथ ही उसे रोकने में नाकाम रहने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। आयोग ने पंजाब, हरियाणा व यूपी सरकार को उनकी कार्ययोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए पहले ही वैधानिक निर्देश जारी किए हैं। इसरो की तरफ से विकसित प्रोटोकॉल के आधार पर उपग्रह डाटा का उपयोग कर आग की घटनाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग को अनिवार्य किया गया है।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि धान की पराली जलाना पहले से ही निषिद्ध है और इसके उल्लंघन को अधिनियम की धारा-१४ के तहत अपराध माना जाएगा।

# रूट को लेकर झगड़े में बस मार्शल ने काटी थी कंडक्टर की उंगली, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस के रूट को लेकर हुए झगड़े में एक डीटीसी बस मार्शल ने कंडक्टर की उंगली काट ली। उसके बाद आरोपी मार्शल मानसिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना 28 सितंबर की शाम को हुई जब मुनिरका निवासी कंडक्टर जितेंद्र कुमार पुनिया (34) नोएडा के सेक्टर ६२ और धौला कुआं के बीच चलने वाली एक बस में ड्यूटी पर थे। पुनिया 2019 से डीटीसी में अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बस चालक और मार्शल इलेक्ट्रिक बस को लाजपत नगर रिंग रोड फ्लाईओवर से ले जाना चाहते थे, जबकि कंडेक्टर जितेंद्र समानांतर सड़क से जाने पर अड़े थे। इसी बात पर बहस हो गई। शाम करीब साढ़े पांच बजे नेहरू नगर के पास बस भारी ट्रैफिक में फंस गई, जिससे काफी देरी हुई।

शाम करीब साढ़े छह बजे बस धौला कुआं टर्मिनल पहुंची तो झगड़ा और बढ़ गया। ड्राइवर चाय पीने चला गया, जबकि पुनिया खाना खाने के लिए बस में ही बैठे रहे। इसी दौरान मार्शल मानसिंह कथित तौर पर उनके पास आया और गालियां देते हुए बहस शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि जब पुनिया ने विरोध किया तो मार्शल ने उन पर हमला कर दिया और मारपीट के दौरान उनके बाएं हाथ की मध्यमा उंगली को इतनी जोर से काटा कि उसका सिरा अलग हो गया।



अखिल दिल्ली प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन करते शिक्षकगण।

# शिक्षकों के अधिकारों के लिए एकजुटता का प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल दिल्ली प्राथमिक शिक्षक संघ ने जंतर मंतर, नई दिल्ली पर एक विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया, जिसमें सैंकड़ों अध्यापकों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता और आवाज बुलंद की।

यह धरना हाल ही में दिनांक 1 सितंबर को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के विरोध में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा को सेवा में कार्यरत और पदोन्नति प्राप्त करने वाले शिक्षकों के लिए अनिवार्य करार दिया गया है। संघ ने इस निर्णय को असंवैधानिक, अन्यायपूर्ण तथा शिक्षकों के आत्मसम्मान और मनोबल को आघात पहुंचाने वाला बताया है। संघ का कहना है कि लाखों अनुभवी शिक्षकों ने वर्षों की सेवा, प्रशिक्षण और अनुभव के बल पर शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ किया है। ऐसे शिक्षकों से अब TET की अनिवार्यता लागू करना न केवल अनुचित है बल्कि उनके शिक्षण कार्य के मूल्यांकन पर भी प्रश्नचिह्न लगाना है।

संरक्षक रामचन्द्र दवास ने कहा यह निर्णय न केवल शिक्षकों की भावनाओं को ठेस पहुँचाता है बल्कि सरकार व न्यायपालिका की शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविकता से दूरी को दर्शाता है। जिन शिक्षकों ने वर्षों तक बच्चों के भविष्य को संवारा है, उन्हें अब सेवा से बाहर करने या पदोन्नति रोकने की बात शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्याय है।" संघ के अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने कहा, "TET एक योग्यता परीक्षा है, लेकिन इसे शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता से ऊपर रखना अनुचित है। जो शिक्षक पहले से कार्यरत हैं और जिनके पास प्रशिक्षण एवं अनुभव है, उनके लिए यह नियम लागू करना व्यावहारिक नहीं है। हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह करते हैं कि इस निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप करें और न्यायोचित समाधान निकालें। संघ की महासचिव श्रीमती निशा दहिया ने कहा देश के प्राथमिक शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की नींव हैं।

# पंजाब बाढ़ पीड़ित परिवारों को दिलवाई एलपीयू में नौकरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद व लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक चांसलर, डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने पंजाब के बाढ़ में अपने परिजनों को खो चुके परिवारों को स्थायी रोजगार पत्र सौंपे। इन नियुक्तियों से प्रभावित परिवारों को आर्थिक स्थिरता और दीर्घकालिक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित होगा। यह पहल, जिसकी घोषणा डॉ. मित्तल ने 5 सितम्बर को की थी, उनके उस वचन का हिस्सा थी, जिसके तहत उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को निरंतर सहयोग देने की बात कही थी।लाभार्थियों से बातचीत करते हुए डॉ. मित्तल ने कहा, ष्खोए हुए जीवन की भरपाई कभी नहीं हो सकती। लेकिन, एलपीयू में स्थायी रोजगार देकर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बाढ़ का शिकार हुए परिवार अपनी जद्दोजहद में



अकेले न रहें। यह सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि गरिमा, सुरक्षा और जीवन को दोबारा सँवारने का अवसर है।

इस अवसर पर लाभार्थी ने कहा दीपिका ष्माँ और घर खोने के बाद मुझे छोटे भाई-बहन की जिम्मेदारी उठानी पड़ी। जब समझ नहीं आ रहा था कि आगे कैसे बढ़ें, एलपीयू से मिली यह नौकरी हमें नई उम्मीद और ताकत दे रही है। अन्य लाभार्थी ने कहा गगन की पत्नी की मृत्यु ने मुझे और मेरे बुजुर्ग माता-पिता को असहाय कर दिया। यह नौकरी दर्द तो नहीं मिटा सकती, लेकिन परिवार को सम्मान से संभालने का साहस जरूर देती है।डॉ. मित्तल ने पहले भी मुख्यमंत्री राहत कोष में २० लाख रुपए का योगदान दिया था और पंजाब सरकार के राहत व बचाव कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों के पुनर्वास के लिए समाज के सभी वर्गों कॉर्पोरेट, समाजसेवी और सामुदायिक नेताओं को आगे आना चाहिए।

## विधानसभाध्यक्ष ने लंदन की ब्रिटिश लाइब्रेरी का दौरा कर विधायी रिकॉर्ड का किया अध्ययन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधानसभा के अध्यक्ष, विजेंद्र गुप्ता, ने लंदन में ब्रिटिश लाइब्रेरी का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विशेष रूप से तैयार किए गए संग्रह में अभिलेख, दुर्लभ फोटो ग्राफ्स और लिखित अभिलेख का अध्ययन किया, जो इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल और सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली से लेकर वर्तमान दिल्ली विधानसभा तक के इतिहास को दर्शाती हैं। इस अवसर पर, गुप्ता ने ब्रिटिश लाइब्रेरी की इंटरनेशनल ऑफिस मैनेजर सेसिल कम्यूनल, को भेंट की और लाइब्रेरी द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# पुरानी सीमापुरी में पटरी बाजार से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुरानी सीमापुरी एफ ब्लॉक मोहल्ला क्लिनिक से लेकर नगर निगम प्राथमिक विद्यालय तक फुटपाथ पर ही सजा लेते हैं बाजार लोगों के घरों के आगे भी लगा लेते हैं दुकान इस रोड पर पहले ही बना रखी है अवैध पार्किंग अब इस रोड पर पटरी बाजार भी लगने लगा है जिसकी वजह से स्कूल के बच्चे भी परेशान हैं और यहां रहने वाले लोग और आने जाने वाले राहगीर भी स इस रोड पर पेदल भी निकलना मुश्किल हो गया है वाहन से निकलना तो बहुत दूर की बात है स अखिल भारतीय युवा मोर्चा संगठन के महासचिव आरिफ खान ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन व एमसीडी इस रोड पर होने वाली समस्याओं से निजात दिलाएं स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को किसी तरह की परेशानी न हो और आने जाने वाले राहगीरों को जाम से निजात मिल सके।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## मॉर्निंग वॉक पर निकले चार लोगों को कार ने मारी टक्कर

# दो महिलाओं ने मौके पर दम तोड़ा





**गाजियाबाद।** शनिवार की सुबह राकेश मार्ग पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार कार ने मॉर्निंग वॉक पर निकले चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों की पहचान मीनू और सावित्री के रूप में हुई है। वहीं, घायल कमलेश और विपिन शर्मा को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे कुछ लोग रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान राकेश मार्ग की ओर से आ रही एक सफेद रंग की कार अचानक अनियंत्रित हो गई और फुटपाथ पर चल रही महिलाओं को रौंदते हुए निकल गई। हादसे के बाद चालक कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर चीख–पुकार मच गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कविनगर थाना पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हादसे के जिम्मेदार व्यक्ति को जल्द पकड़ा जा सके।

इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्रवासियों को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राकेश मार्ग पर सुबह और शाम के समय तेज रफ्तार वाहनों का जमत. तवत बना रहता है, जबकि यह इलाका आवासीय है और यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग मॉर्निंग वॉक या योग के लिए निकलते हैं। कई बार ट्रैफिक पुलिस को शिकायतें भी दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और निगरानी कैमरे लगाए जाएं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार कार चालक की तलाश जारी है।

## गली में खेल रहे बच्चों को धमकाने का विरोध करने पर युवक से मारपीट

**■ आरोप है कि युवक की बात से गुस्साए आरोपी ने साथियों को बुलाकर युवक को पीटा**

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की गंगा एन्क्लेव कॉलोनी में गली में खेल रहे बच्चों को धमकाने का विरोध करने पर चार लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। आरोपियों ने युवक को बचाने आई उसकी चाची और साथी के साथ भी मारपीट की। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गंगा एन्क्लेव में दो अक्टूबर को मोहल्ले में रहने वाले बच्चे गली में खेल रहे थे। बच्चों द्वारा शोर मचाए जाने पर वहां रहने वाले एहसान ने बच्चों को धमकाते हुए खेलने से मना किया। इस पर गली में रहने वाले वसीम ने बच्चों को धमकाने का विरोध किया। आरोप है कि युवक की बात से गुस्साए एहसान ने अपने दो साथियों शहजाद,अमजद और अपने साले को लाठी डंडे लेकर बुलाया। चारों ने उसके साथ मारपीट की।

शोर सुनकर उसकी चाची शमीम बानो और साथी हरीश उसे बचाने के लिए पहुंचे। इस पर चारों ने उनके साथ भी मारपीट की। लोगों के एकत्र होने पर चारों युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## चेकिंग के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** एसीपी इंदि. रापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में अपने नाम आकाश, अमित उर्फ रोहित और कुलदीप बताया।

इनके पास से पुलिस को आठ मोबाइल, चोरी की स्कूटी और बाइक बरामद हुई। एसीपी ने बताया कि बरामद बाइक तीन दिन पूर्व तिगरी गोल चक्कर से चोरी की थी। पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ कई केस दर्ज हैं।

## आईटीएस में एमबीए के प्रतिभागियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस द्वारा एमबीए 2025 -2027 सत्र के नवप्रवेशी छात्रों हेतु फ्रेशरपार्टी ष्इनसेप्शन -2025 ष का आयोजन संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक पीआर सुरेंद्र सूद, संस्थान के निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार एवं एमबीए चेयरपर्सन डॉ उमा गुलाटी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सुरेंद्र सूद ने सभी नव प्रवेशी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं सत्र के दौरान नियमित अल्प अवधि में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. सुनील कुमार पाण्डे ने नव प्रवेशी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस हेतु संभवत: आवश्यक सभी सुविधाएँ मुहैया कराने का आश्वासन दिया साथ ही टीम वर्क और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। आई टी एस --द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास की कामना की तथा आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें शुभकामनाए दी।

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गई तत्पश्चात् सीनियर प्रतिभागियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया तथा अंत में फैशन शो का आयोजन किया गया और विभिन्न स्तर पर मूल्याङ्कन के आधार पर सैयद आविस अब्बास रिजवी को मिस्टर फ्रेशर एवं वाणी गौतम को मिस फ्रेशर का खिताब क्राउन पहना कर दिया गया। इसी क्रम में मिस रीतिका को उनके अच्छे प्रदर्शन और उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए टैलेंट ऑफ द डे का सम्मान दिया गया।

## वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 अक्टूबर को: प्रेमचन्द गुप्ता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पाउडर के चौयरमेन व वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 अक्टूबर दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

## झूठी शादी कर 4 वर्ष तक युवती से किया रेप

### कोर्ट के आदेश पर दरोगा के खिलाफ एफआईआर

**गाजियाबाद।** यूपी पुलिस के एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता युवती ने आरोप लगाया है कि दरोगा ने चार साल तक झांसे में रखकर रेप किया, गर्भपात कराया और खुद को अविवाहित बताकर शादी का वादा करता रहा। उसने युवती के साथ आर्य समाज मंदिर में शादी भी की, लेकिन बाद में पता चला कि दरोगा पहले से शादीशुदा है। शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने के बाद पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर अब लोनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता का कहना है कि साल 2019 में परिवार के झगड़े के एक केस की जांच के दौरान साहिबाबाद थाने में तैनात दरोगा जय सिंह निगम उससे मिला। उसने केस में मदद का भरोसा दिलाकर शालीमार चौकी और अन्य जगहों पर कई बार रेप किया। विरोध करने पर वह शादी का झांसा देता रहा। इस दौरान युवती गर्भवती हुई तो आरोपी दरोगा ने गर्भपात करा दिया। दबाव डालने पर उसने 1 जुलाई, 2024 को गाजियाबाद के



आर्य समाज मंदिर में शादी की और 2 जुलाई को रजिस्ट्रेशन भी कराया। लेकिन बाद में पीड़िता को पता चला कि दरोगा पहले से शादीशुदा है। पीड़िता ने जुलाई, 2024 में गाजियाबाद कमिश्नरेट में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दरोगा ने उसे धमकाते हुए और हत्या करने की बात कही।

## सपा महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव ने पद से दिया इस्तीफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने महानगर अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया कि निजी कारणों के चलते वे अब इस दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। गुलाब यादव ने लिखा कि वे लंबे समय से सपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे और हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में निजी कारणों के चलते संगठन को पूरा समय नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए उन्होंने पद से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। उन्होंने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने उन्हें जो सम्मान और जिम्मेदारी दी, उसके लिए वे हमेशा कृतज्ञ रहेंगे। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी आगे भी समाज के वंचित वर्गों और आम लोगों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

## 'जीडीए ने इन्दिरापुरम क्षेत्र में की सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष के द्वारा चलाई जा रही अवैध निर्माण/ अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-06 के नेतृत्व में इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अन्तर्गत शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-77, नीतिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-15, नीतिखण्ड-1 के भूखण्ड संख्या-554, को सील किया गया। इसके अतिरिक्त शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-89, इन्दिरापुरम पर ध्वस्तीकरण तथा शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-90,







इन्दिरापुरम पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-6, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-06 का समस्त स्टाफ व जीडीए पुलिस बल उपस्थित रहा।

## आईटीएस में किया जाएगा विशेष कैम्प का आयोजन

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज के फिजियोथेरेपी ओपीडी में 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025 तक विश्व आर्थराइटिस दिवस एवं विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर विशेष फिजियोथेरेपी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य मरीजों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर संस्थान द्वारा समाजहित में विशेष छूट की घोषणा की गई है। कैम्प के दौरान सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित रोगियों, अर्थराइटिस रोगियों तथा वृद्ध रोगियों को फिजियोथेरेपी सेवाओं पर 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

## डॉ. जनरल वीके सिंह ने किया पुस्तक का विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मिजोरम के महामहिम राज्यपाल डॉ. जनरल वीके सिंह ने अपने कर कमलों द्वारा वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर अमित पाराशर द्वारा लिखित पुस्तक Panna%Where The Tiger Returns के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया तथा पुस्तक के विषय एवं चित्रों का पर्यावरण और बाघ संरक्षण में जन जागरण हेतु योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर अंकित गिरि, वीरेन्द्र प्रताप त्यागी, ज्योति चौहान, मधु गोस्वामी, रेखा त्यागी, साक्षी नारंग, सरदार सिंह भाटी, काली. चरण पहलवान, अभिषेक, संजना चौधरी, आरसी कुशवाहा, भूपेन्द्र राघव, एन पी सिंह आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## श्री आदर्श रामलीला समिति डासना में भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री आदर्श रामल. ीला समिति डासना में भरत मिलाप का कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा राजाराम चंद्र जी का राजतिलक समिति के मुख्य संरक्षक सतीश शर्मा, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में थाना प्रभारी वेव सिटी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत डासना का भी समिति के संरक्षक सतीश शर्मा जी के द्वारा सम्मानित किया गया समिति के अध्यक्ष रघुराज सिंह चौहान के द्वारा समिति के संरक्षक सतीश शर्मा का शॉल उढाकर सम्मान किया गया।



समिति के समस्त पदाधिकारी को अच्छे आयोजन के लिए बधाई दी समिति के अध्यक्ष रघुराज सिंह चौहान सचिन श्याम पोरवाल पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन पूर्व अध्यक्ष सुनील गोयल संजीव मित्तल नरेंद्र गोयल हरिराम प्रजापति सत्य प्रजापति सिंह राज जाटव मनमोहन चतुर्वेदी पन्नालाल शर्मा अमित जिंदल आसाराम गोयल महेश सैनी अश्वनी शर्मा दीपक गोयल आशीष गोयल प्रमोद सैनी शरद शर्मा आशीष सैनी आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी द्वारा खबर प्रेषित की बहुत से सामाजिक व राजनीति के एवं प्रशासनिक अधिकारी सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महानगर कांग्रेस कमेटी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय कम्पनी बाग घंटाघर पर नए पदाधिकारियो को मनोनीत पत्र देकर कांग्रेस पार्टी में सोनिया चौहान और संजय गौतम को शामिल किया गया। उक्त संगठन सृजन कार्यक्रम मे सोनिया चौहान को महानगर महासचिव और संजय गौतम को महानगर सचिव पद पर अध्यक्ष वीर सिंह द्वारा मनोनीत पत्र देकर महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद में पटका पहनाकर सधन्यवाद शामिल किया गया। इस मौके पर महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद कार्यालय पर इनका सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के द्वारा इनका जोरदार स्वागत किया गया और उनके कांग्रेस पार्टी में उज्ज्वल





भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के अनेकों अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष वीर सिंह, उपाध्यक्ष इस्माइल खां, उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश कुमार जाटव, कार्यालय सचिव बाबूराम शर्मा और हरिराम भारद्वाज, महानगर कांग्रेस विधि विभाग अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रपाल, सोनिया चौहान, संजय गौतम और कार्यालय बॉय त्रिलोक आदि उपस्थित रहे।

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाया गया। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के बारे में पूरी दूनिया के लोगों मे अधिक जागरूकता और सहानुभूति बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज में समाज के बुजुर्गो के अच्छे स्वास्थ्य और भलाई के लिए दांतों के जबड़ें के रखरखाव तथा मौखिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान मे रखकर विभिन्न गति. विधियों का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा बुजुर्गों के लिए दंत स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र आयोजित किये





गये, जिसमें सभी दंत चिकित्सकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर मरीजों को दंत स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में शिक्षित किया और विभिन्न प्रोस्थोडोंटिक उपचार विधियों के लाभों पर जोर दिया। इसके साथ ही 'दंत स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दें' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता, 'उम्र के साथ मुस्कान, बुजुर्गों के लिए इम्प्लांट विषय पर ई-पोस्टर प्रतियोगिता और टेक्नोलॉजी कैन रिप्लेस ट्रेडिशनल डेन्टिस्ट्री विषय पर एम.डी.एस. छात्रों के लिए डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम का सार रचनात्मक और रंगीन रंगोली डिजाइनों के माध्यम से विभाग में परिलक्षित हुआ। छात्रों द्वारा बुजुर्गो के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया, जिसमें समाज मे बुजुर्गों की अमूल्य भूमिका का उत्सव मनाया गया और दंत स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन नॉन-सर्जिकल मैनेजमेंट ऑफ टेम्पो मैंडीबुलर डिसऑर्डर विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध वक्ता प्रो. डॉ. चेतन हेगडे, प्रोफेसर एंड एच.ओ.डी, प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग, ए.बी. शेट्टी मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, मंगलोर ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम मे संस्थान के डायरेक्टर- प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी, डीन, एच.ओ.डी, दंत चिकित्सक, एम.डी.एस छात्र एवं इंटर्न छात्र उपस्थित रहें। अंत में प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख हड़पे

**मोदीनगर।** गांव पैंगा निवासी रजनी शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों उनके घर पर गांव निवासी रेनू पंवार अरविंद शर्मा को लेकर आई। रेनू ने बताया कि अरविंद समाज कल्याण विभाग मे अधिकारी है। आरोपियों ने महिला को समाज कल्याण विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया और 1.60 लाख रुपये ले लिए।

**Name change**

In my documents My name was Reshma but I am putting begam in my name, Reshma Begam So known me by my correct name for all future purposes.Reshma Begam W/o Irfan Ali R/o Mohalla Vyapariyan Main Bazar Loni Dehat Loni Ghazibad.

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. )**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव**
**पी.सी.एस.-जे**
**( सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10 )**
**मूल वाद सं. 1102 / 2024**
**( कम्प्यूटर सं. 1156 / 2024 )**

श्रीमति कल्लो देवी पत्नी स्व. श्री धनपाल निवासी ए 93 गली नं. 3 मुकन्द विहार करावलनगर दिल्ली उत्तर पूर्वी दिल्ली हाल निवासी मकान नं. 199 बलरामनगर एक्सटेन्शन लोनी तहसील लोनी जिला गाजियाबाद

... वादनी

**बनाम**

पवन कुमार पुत्र स्व. श्री धनपाल निवासी मकान नं. 199 बलरामनगर एक्सटेन्शन लोनी तहसील लोनी जिला गाजियाबाद।

..... प्रतिवादी

श्रीमति कल्लो देवी पत्नी स्व. श्री धनपाल ने पवन कुमार पुत्र स्व. श्री धनपाल, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते बेदखली की घोषणात्मक डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 06.10.2025 को दिन में प्रात: 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद। आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 05.08.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी.डि. ) गाजियाबाद।**

# छठ की तैयारियों को लेकर सीएम ने घाटों का किया निरीक्षण

**मुख्यमंत्री के साथ थे दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, कपिल मिश्रा, विधायक अभय वर्मा आदि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना तट पर बने घाटों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने नौका द्वारा यमुना के प्रवेश द्वार पल्ला से लेकर आईटीओ तक छठ पूजा की व्यवस्था से जुड़े घाटों की स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरे में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, कपिल मिश्रा, विधायक अभय वर्मा सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पल्ला के पास बने घाट से निरीक्षण की शुरुआत की और श्याम घाट, गीता कॉलोनी, सोनिया विहार, बोट क्लब, हाथी घाट पर छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा की। आईटीओ के पास हाथी घाट पर मुख्यमंत्री के आगमन पर यमुना घाट पर मौजूद महिलाओं ने पारंपरिक छठ पूजा के गीतों और पूजा की विधियों के साथ उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य इस वर्ष राजधानीवासियों को एक भव्य, स्वच्छ और ऐतिहा. सिक छठ पर्व मनाने का अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि पल्ला से लेकर ओखला तक यमुना के किनारे जहां-जहां आबादी है, वहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाटों का निर्माण करेंगे, ताकि लोग अपने नजदीकी स्थान पर ही



पूजा-अर्चना कर सकें। इसके अतिरिक्त, दिल्ली सरकार शहर के भीतर सैकड़ों छठ घाटों पर सभी तरह की तैयारी सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने छठ पर्व को प्रकृति, पवित्रता और स्वच्छता से जुड़ा एक विशिष्ट पर्व बताते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का उत्सव है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि यह जल स्रोतों को स्वच्छ और जीवंत बनाए रखने का भी संदेश देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ के आयोजन से जुड़ी हर व्यवस्था चाहे वह सुरक्षा हो, स्वच्छता, लाइट व्यवस्था या यातायात प्रबंधन, सभी दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है और उसे बेहतर तरीके से पूरा किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस बार केवल घाट निर्माण तक ही सीमित न रहकर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी इस आयोजन का हिस्सा बनाया जा रहा है, जिससे यह पर्व श्रद्धा, संस्कृति और सामूहिक उत्साह के साथ मनाया जा सके। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के जल तथा सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस बार दिल्ली में एक यादगार और सुव्यवस्थित छठ पूजा का आयोजन होगा। यमुना नदी के किनारों को अत्यंत सावधानी से विक. सित किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित घाट उपलब्ध हो सकें।

## इंडिया टर्मिनल बदलने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में अपने घरेलू उड़ानों के टर्मिनल बदलने की योजना बनाई है। २६ अक्तूबर से एअर इंडिया ६० दैनिक घरेलू उड़ानों को टर्मिनल-२ (टी-२) में शिफ्ट करेगी, जबकि एअर इंडिया एक्सप्रेस अपनी सभी घरेलू उड़ानों को टर्मिनल-१ (टी-१) में ले जाएगी।

यह बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि टर्मिनल-३ (टी-३) में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए जगह बढ़ाने का काम चल रहा है। टी-३ की क्षमता में कमी के कारण कुछ घरेलू उड़ानों को टी-२ और टी-१ में स्थानांतरित करना जरूरी हो गया है। दिल्ली एयरपोर्ट में तीन टर्मिनल हैं ख्र टी१, टी२ और टी३। टी२ का नवीनीकरण कार्य पूरा हो चुका है और यह २६ अक्टूबर से फिर से खुल जाएगा।

# लूट के चंद घंटों में दबोचे चार आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जाफराबाद इलाके में हुई एक सनसनीखेज लूट की वारदात को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझाकर बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार शाम करीब ६ बजकर ४० मिनट पर थाना जाफराबाद क्षेत्र के चौहान बंगर की गली नंबर १० में तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक मनी ट्रांसफर की दुकान में घुसकर हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने दुकानदार मोहम्मद रहीस से नगदी और दो मोबाइल फोन लूट लिए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात की गंभीरता को देखते हुए विशेष स्टाफ/उत्तर-पूर्व जिला की टीम को भी जांच में शामिल किया गया। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया इनपुट के आधार पर छानबीन शुरू की और महज कुछ ही घंटों में चार आरो. पियों को दबोच लिया, जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान १९ वर्षीय हारिश पुत्र इरफान और २१ वर्षीय सुहैल उर्फ भूरा पुत्र इस्लामुद्दीन, दोनों निवासी चौहान बंगर, दिल्ली, के रूप में हुई है। उनके साथ दो किशोर अपराधियों (आयु १५ और १७ वर्ष) को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई नकदी, चार चाकू, एक पिस्टलनुमा लाइटर और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी (नंबर क्स ५क्ज्ञ ८९४४) बरामद की है। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उन्होंने अन्य वारदातों में भी हाथ तो नहीं आजमाया।

# एयरपोर्ट की सुरक्षा के मद्देनजर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट और यात्रियों की सुरक्षा के मद्ध्देनजर आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने एयरोसिटी क्षेत्र के होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मुख्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में पुलिस उपायुक्त ने होटलों में सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की जाँच और सत्यापन के मानकों और आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं निकासी योजनाओं पर चर्चा की। बैठक का उद्देश्य उन्हें स्थापित सुरक्षा मानदंडों का पालन करना था।

बैठक में सुझाव दिया गया कि होटलों को अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया और निकासी योजना की समीक्षा करनी चाहिए। इस पहलू पर



नए कर्मचारियों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया जाना चाहिए और संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय में नियमित अभ्यास किया जाना चाहिए। उपस्थित मुख्य सुरक्षा अधिकारियों (सीएसओ) को एरोसिटी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव और जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# लिफ्ट की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के जीटीबी एन्क्लेव थानांतर्गत एक कारीगर की लिफ्ट में सामान चढ़ाते समय लिफ्ट का तार टूटने से गिरी लिफ्ट की वजह से मौत हो गयी, मृतक के परिवार ने फैक्ट्री मालिक पर लाप. रवाही का आरोप लगाया है कि लिफ्ट की कोई मेनटेंस नहीं की जाती थी जिस वजह से यह हादसा हुआ और युवक की जान चली गयी स फिलहाल मृतकों के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है।

मृतक की पहचान दिनेश (३५) के रूप में हुई है, वह भिंड, मध्य प्रदेश का रहने वाला था और दिल्ली में अपने पिता अमर सिंह के साथ रहता था, जबकि गांव में इसकी पत्नी और तीन बच्चे रहते है स दिनेश झिलमिल में डीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम करता था, शुक्रवार की शाम करीब ७ बजे वह फैक्ट्री की लिफ्ट में सामान लोड कर रहा था तभी जिस मोटे तार से लिफ्ट लटकी होती है वह टूट गया, और दिनेश लिफ्ट की चपेट में आ गया जिस वजह से उसका प्राइवेट पार्ट शरीर फटने की वजह से बाहर आ गया स दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया था जिस वजह से उसकी मौत हो गयी स दिनेश के भाई लव कुश बघेल ने अपने भाई की मौत का जिम्मेदार फैक्ट्री मालिक को बताया है कि लिफ्ट कि हालत खस्ता थी जिस वजह से यह मौत हुई है।

# क्राइम पेट्रोल देकर भेष बदला और 25 लाख रुपये की चोरी को दिया अंजाम, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध सीरीज क्राइम पेट्रोल देखकर दो दोस्तों ने भेष बदला और फिर आर.के. पुरम स्थित ओड़िया समाज ट्रस्ट के कार्यालय में २५ लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया। सरोजनी नगर थाना पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों राजेंद्र कुमार और राजेश कुमार के पास से २३.५० लाख और कार्यालय की अलमारी काटने में इस्तेमाल की गई एक कटर मशीन बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि २३ सितम्बर को ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय में चोरी होने की सूचना मिली। एएसआई नरेंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक एसएमएस दास की बेटी जेआर दास मौके पर मिली।एसएचओ अतुल त्यागी की टीम ने उनके बयान पर संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

एसआई दीपक, एएसआई नरेंद्र की टीम ने ११ दिनों में ४० से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की, मौके पर मौजूद संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी निगरानी का विश्लेषण किया और कई सीसीटीवी फुटेज की जाँच की। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान टीम ने एनजीओ कार्यालय में प्रवेश करते और बाद में ऑटो-रिक्शा में निकलते समय भेष बदलते (टोपी, गर्दन पर तौलिया और दस्ताने पहने) दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस टीम ऑटो के नम्बर की मदद से चालक तक जा पहुंची।

चालक ने बताया कि उसने दोनों संदिग्धों को नेताजी नगर में छोड़ा था। पुलिस टीम ने नेताजी नगर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया तो एक आरोपी राजेन्द्र कुमार की पहचान की गई। पुलिस ने गोल चंबारी के पास राजेंद्र कुमार को दबोच लिया। राजेन्द्र ने सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद उसके दूसरे साथी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की रकम बरामद कर ली गई।

## 8 लाख रुपये की लूट में मुख्य आरोपी तीन के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण रोहिणी इलाके में आठ लाख रुपये की लूट की वारदात में शामिल मास्टरमाइंड सहित चार आरोपी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भारत,हितेश,गौतम उर्फ भूरा और अश्वनी उर्फ आशु के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से लूट की छह लाख २२ हजार की रकम और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २८ सितम्बर दोपहर पौना एक बजे विजय विहार के रहने वाले शिकायतकर्ता आदर्श श्रीवास्तव जयपुर गोल्डन अस्पताल के पास पर्ल के कर्मचारी पंकज से ८ लाख रुपये लेकर अपने मालिक को देने के लिए विजय विहार जा रहा था। आरोपी भरत ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे चाकू दिखाकर उससे ८ लाख रुपये लूट लिये थे। आदर्श श्रीवास्तव के बयान पर पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही थी। एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता लेने के साथ साथ मोबाइल फोन के डंप डाटा की जांच की।

# वसीम के पकड़े जाने के बाद कड़ियों को जोड़ने में जुटी सुरक्षा एजेंसियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हाई कमीशन क्या पूरी तरह से आईएसआई का भारत में अधिकारिक तौर पर अड्डा बन चुका है? ऐसा हम नहीं बोल रहे हैं। भारतीय सुरक्षा एजेसिंयों के हत्थे चढ़े पलवल मॉडयूल के वसीम अकरम के पकड़े जाने के बाद तो पुख्ता हो गया है। यह पहला मौका नहीं हैं। जब पाकिस्तान हाईकमीशन का जासूसी मामले का पता चला है। इससे पहले भी इस तरह के मामले में मलेरकोटला और नूंह में हुए थे। जिसमें नूंह जिले के कंगारका गांव के रहने वाले मोहम्मद तारिफ को पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। मोहम्मद तारिक ने कथित तौर पर पाकिस्तानी हाई कमीशन के एक कर्मचारी को सिम कार्ड देने और पाकिस्तान जाने के बारे में बताया था।

जानकारी मिली है कि जासूस वसीम अकरम गाँव कोट, हथीन, पलवल हरियाणा का रहने वाला है। बीते तीस सितम्बर को ओएसए और बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी वसीम ने सिविल में डिप्लोमा और बीई सिविल की पढ़ाई की है। उसने कुछ समय के लिए निजी फर्मों में काम किया।

वह सबसे पहले वीजा आवेदन के दौरान पाकिस्तान हाईकमीशन अधिकारी जफर उर्फ मुजम्मिल हुसैन के संपर्क में आया। शुरुआत में मना कर दिया गया,लेकिन बाद में बीस हजार रुपये की रिश्वत देने के बाद वीजा दिया गया।

मई २०२२ में पाकिस्तान के कसूर में अपने रिश्तेदारों से मिलने गया। जब वह वापिस भारत आया। जफर के साथ व्हाट्सएप पर संपर्क में रहा। उसने वीजा सुविधा निधि के लिए अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया। कमीशन का वादा किया। करीब चार से पांच लाख रुपये उसके खाते में ट्रांसफर किए। बिचौलियों के माध्यम से रुपये भी दिये गए। यहीं नहीं पलवल के माध्यम से ८० हजार रुपये और सिम कार्ड पहुँचाए। बाद में जाफर को डेढ़ लाख रुपये भी दिये थे। इस बीच आरोपी ने वसीम ने सिम कार्ड भी दिये। जिसमें भारतीय सेना के जवानों की जानकारी सांझा की गई थी।

बता दें कि बीते मई महीने में मलेरकोटला पंजाब के के मॉड्यूल में पीएचसी कर्मचारी दानिश उर्फ एहसान-उर-रहीम ने पीएनजी घोषित किया। गुजाला और यामीन सहित स्थानीय लोगों ने वीजा वादों के जरिए खेती की। उन्होंने दस से बीस हजार रुपये की कमीशन लेकर संवे. दनशील रक्षा-संबंधी जानकारी दी। वीजा चाहने वालों को जासूसी करने के लिये तैयार किया। इसी क्रम में सुरक्षा एजेंसियों ने नूंह हरियाणा से सिम कार्ड मुहैया कराने और रक्षा एक्सपो के वीडियो पाकिस्तान हाईकमीशन अधिकारी को सांझा करने के आरोप में अरमान को गिरफ्तार किया था। मामले में अब सुरक्षा एजेंसियां पाकिस्तान में रहने वाले आरोपियों के रिश्तेदारों के बारे में जांच कर रही है।

# यमुना नदी में डूबे बीजेपी नेता, हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनिया विहार में एक दुखद घटना हुई। यमुना नदी में मछली को दाना खिलाते समय भाजपा नेता कुलदीप नैनवाल डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई।

उन्हें बचाने जा रही दमकल की गाड़ी से एक बाइक सवार की टक्कर हो गई जिसमें किशोर रोहित पाल की भी जान चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार सुबह भाजपा के करावल नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप नैनवाल मछलियों को दाना डालने यमुना किनारे गए थे, जहां उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम उन्हें बचाने जा रही थी, लेकिन रास्ते में दमकल की गाड़ी की एक मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार किशोर रोहित पाल की मौत हो गई। कुछ देर बाद यमुना में नैनवाल का शव भी मिल गया।

पुलिस ने दमकल की गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि गलती किशोर की थी, वह ठीक से मोटरसाइकिल नहीं चला रहा था। पानी में डूबने के मामले की जांच बुराड़ी थाना करेगी। कुलदीप नैनवाल को यमुना से निकालकर बुराड़ी के अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## श्रमिकों को किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली।** भाजपा दिल्ली प्रदेश के नवनिर्मित कार्यालय भवन के निर्माण में अपनी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से योगदान देने वाले सभी श्रमिकों के सम्मान में 'श्रमिक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने सभी श्रमिक साथियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी समयबद्ध, मजबूत एवं सुन्दर निर्माण के लिए श्रमिकों का अभिनंदन किया। दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया, विष्णु मित्तल ब्रजेश राय एवं अमित गुप्ता भी उपस्थित रहे।



उत्तर-पूर्वी जिले की मॉक दंगा-रोधी अभ्यास करते हुए।

## शास्त्री पार्क में दंगा-रोधी मॉक ड्रिल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कर्मचारियों की कार्यकुशलता और तैयारी का आकलन करने के लिए, उत्तर-पूर्वी जिले की टीम द्वारा बेला फार्म, यमुना खादर, शास्त्री पार्क में एक मॉक दंगा-रोधी अभ्यास का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कर्मचारी अच्छी तरह प्रशिक्षित रहें और आपातकालीन स्थितियों के दौरान प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहें। मॉक ड्रिल के दौरान, वाटर कैनन, वज्र, विक्रांत और एम्बुलेंस की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया गया। गैस गन और ए.आर.ई. जैसे उपकरणों को संभालने में कर्मचारियों की सतर्कता और दक्षता का भी परीक्षण किया गया। यह मॉक ड्रिल सुबह 8: 00 बजे शुरू हुई जिसमें , एक एसीपी , सात इंस्पेक्टर और 162 उच्च/निम्न अधीनस्थ कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा, अभ्यास के दौरान एक . वाटर कैनन ,एक. वज्र ,एक विक्रांत , 27 गैस गन और एक एमएसएल -वाहन और उपकरण भी तैनात किए गए।

# यात्रियों की सुविधा को कई ट्रेनों के समय में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्योहारों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को देखते हुए उत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों के समय में बदलाव, मार्ग विस्तार और ठहराए बढ़ाए गए हैं ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और परिचालन कारणों से कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। यह बदलाव आगामी छह और सात अक्तूबर २०२५ से लागू होंगे। संशोधित समय सारिणी के अनुसार, दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर (५४४१७) अब छह अक्तूबर से दिल्ली से पूर्व निर्धारित समय शाम ४:१० बजे चलेगी और रेवाड़ी जंक्शन पर ६:४५ बजे पहुंचेगी, जबकि पहले यह ६:४० बजे पहुंचती थी। इसी तरह, बाड़मेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला मालाणी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (२०४८७) का गुड़गांव में आगमन सुबह ११:३३ बजे और प्रस्थान ११:३५ बजे होगा, जबकि दिल्ली कैंट पर यह ११:५७-११:५९ बजे रुकेगी। भुज-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस (२०९८३) का समय भी संशोधित किया गया है, जो सात अक्तूबर से लागू होगा। इसी प्रकार, जींद-कुरुक्षेत्र पैसेंजर (५४०३८) अब जींद से सुबह ०५:२५ बजे रवाना होकर कुरुक्षेत्र जंक्शन पर ०८:५० बजे पहुंचेगी। वहीं, कुरुक्षेत्र-जींद पैसेंजर (५४०३७) सुबह ०९:२० बजे कुरुक्षेत्र से चलकर जिंद जंक्शन पर १२:१० बजे पहुंचेगी।

मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत चलने वाली कई विशेष ट्रेनों में अब अतिरिक्त ठहराव मिलेगा। इसके तहत हापुड़, शाहजहांपुर जंक्शन और हरदोई रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को नई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे के मुताबिक नई दिल्लीख्रधनबाद (०४४५६/०४४५५), आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी (०४०१६/०४०१५), अमृतसर -छपरा (०४६०८/०४६०७), लखनऊ-नई दिल्ली (०४२०३/०४२०४), आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी (०४००८/०४००७), गोमती नगर-खाटीपुरा (०५०२३/ ०५०२४),धनबाद-चंडीगढ़ (०३३११/ ०३३१२), सहरसाख्रआनंद विहार (०५५७५/०५५७६), पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार (०५५७९/०५५८०), मऊ-अंबाला कैंट (०५३०१/०५३०२) और जोधपुर-गोरखपुर (०४८२९/०४८३०) सहित अन्य ट्रेनों को इन स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। यह व्यवस्था तीन अक्तूबर से क्रमवार लागू होगी। नई दिल्ली-धनबाद एक्सप्रेस अब हापुड़ स्टेशन पर रात १२ बजकर नौ मिनट पर रुकेगी, वहीं शाहजहांपुर और हरदोई में भी यात्रियों को निर्धारित समय पर चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। इसी तरह अन्य ट्रेनों का भी समय निर्धारित कर दिया गया है।

उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने सफर की योजना बनाते समय नए समय सारिणी और ठहराव का ध्यान रखें ताकि यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे ने वैशाली एक्सप्रेस (१२५५३/ १२५५४) का विस्तार ललितग्राम तक कर दिया है।

# अदालती कार्यवाही में बाधा डाली, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस की साइबर थाने के स्टाफ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालती कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से सिम कार्ड और राउटर सहित एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

दयालपुर थाने का एक सक्रिय हिस्ट्रीशीटर (बीसी) है, जिसका दिल्ली के विभिन्न थानों में डकैती, छीनाझपटी आदि के ५० से अधिक मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि जिले के साइबर थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि १६ और १७ सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति अदालती कार्यवाही की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुआ।

कार्यवाही के दौरान, उक्त व्यक्ति अपने अंतर्वस्त्रों में दिखाई दिया और उसे सिगरेट पीते और शराब पीते देखा गया और बार-बार जाने के निर्देश के बावजूद, वह अदालती कार्यवाही में बना रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ऑपरेशन विदुषी कौशिक की देखरेख में इएसएचओ/साइबर रोहि. हत गहलोत के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने आईपी एड्रेस और सीडीआर का तकनीकी विश्लेषण किया लेकिन आरोपी फर्जी ईमेल आईडी का इस्तेमाल कर रहा था।

# क्षितिज 25 ने आयोजित किया जीवंत प्रमोशनल शोकेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्षितिज 25 मिठीबाई कॉलेज का प्रमुख अंतर महा विद्यालयीय सांस्कृतिक महोत्सव अपनी यात्रा में एक अनोखा और रंगीन मोड लकर आया जब 3 अक्ट्रबर को जुह जागृति हाल में एक प्रमोशनल का्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर चर्चित म्यूजिक प्रोड्यूसर करन कंचन ने क्षितिज के मंच पर शिरकत की और अपने नवीनतम गीत किटी पाटीष का प्रमा. शन किया। यह आयोजन अपने खेलपूण थीम के लिए विशेष रहा जिसमें द्शकों ने गलाबी डेस कोड अपनाकर एक जीवंत और एकजुट माहौल बनाया। टॉक शो के दौरान बेबाक बातचीत से लेकर मजेदार कारपूल सशन तक. पूरा का्यक्रम ऊजा, हंसी ओर जुड़ाव से भरा रहा, जिसने क्षितिज की असली भावना को बखूबी दर्शाया। करन कंचन ने अपने संगीत सफर की परदे के पीछे की



कहानियां साझा कीं ।वहीं इंटरैक्टिव सत्रों ने छात्रों को उनसे व्यक्तिगत स्तर पर जडने का अवसर दिया।

संगीत रंग और संवाद का यह संगम इस प्रमोशन को सचमुच यादगार और अनोखा बना गया। मिठीबाई कॉलेज की प्राचाया. प्रो. कतिका बी. देसाई ने कहा. हमारे छात्रों को ऐसे कलाकारों से बातचीत करते देखना हमेशा प्रेरणादायी होता हे जो रचनात्मकता का प्रतीक हें। यह आयाजन खूबसूरती से क्षितिज की उस भावना को दर्शाता है जिसमें संस्कृति और युवाओं की ऊर्जा का मेल है।

क्षितिज की चेयरपर्सन भमि शाह ने कहा, करन कंचन के साथ यह का्यक्रम जीवंत. आकर्षक और अनूठा था। इसकी थीम और ऊर्जा ने आने वाले उत्सवां के लिए एकदम सही माहौल बना दिया। अपने ताजगी भरे अंदाज और इंटरैक्टिव फॉर्मेट के साथ करन कंचन का यह प्रमोशनल शोकेस क्षितिज की यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पडाव बन गया जिसने महोत्सव की यात्रा में रंग जुड़ाव और रचनात्मकता जोड़ दी।

## केजरीवाल वाला बंगला स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार उस बंगले को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी कर रही है, जो कभी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सीएम आवास हुआ करता था। ये बंगला भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण चर्चा में रहा था। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गेस्ट हाउस में एक कैफेटेरिया होगा, जहां पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे, जैसा कि दिल्ली के अन्य स्टेट भवनों में देखने को मिलता है। यह सुविधा आम जनता के लिए भी उपलब्ध होगी। इस योजना के तहत बंगले में पार्किंग, वेटिंग हॉल और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। वर्तमान में यह बंगला खाली पड़ा है और इसे स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है।

# लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में अब उन जरूरतमंदों को ही आर्थिक सहायता मिलेगी, जो वाकई उसके हकदार हैं। रेखा सरकार ने इसके लिए एक प्रभावी और विशेष निर्णय लिया है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता पाने वाले लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन को मंजूरी दी है। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लगभग छह लाख लाभार्थियों को दी जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं की आर्थिक सहायता में पारदर्शिता और दक्षता को और मजबूत करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी सहायता वास्तविक और पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे।दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने पिछले दिनों इसे मंजूरी प्रदान की थी। इस आशय की जानक. ारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।

सरकार इन योजनाओं में प्रभावी पारदर्शिता चाहती है, इसके लिए लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। इस प्रक्रिया को संचालित करने के लिए विभाग ने सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। यह संस्था भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रोत्साहित एक विशेष प्रयोजन वाहन है।

# कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गंगा घाटों की स्थिति को भी बारीकी से परखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस और प्रशासन ने कमर कस ली है। कार्तिक पूर्णिमा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने गंगा घाटों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। दोनों अधिकारियों ने मेले की तैयारियों के संबंध में नक्शे के माध्यम से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने मेले को बेहतर तरीके से लगाए जाने के लिए स्थानीय लोगों के भी सुझाव लेने की बात कहीं है।

डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा क्षेत्र में आयोजित होने वाले मेले की सभी तैयारियां और कार्य योजना समय पर पूरी कर ली जाएं। ताकि कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। कार्तिक पूर्णिमा मेले का मुख्य स्नान इस बार 5 नवंबर को होगा। 4 नवंबर की शाम को यहां पर दीपदान होगा। यानि दीपावली के पर्व के बाद यहां पर श्रद्धालुओं का आगमन तेजी से



शुरू हो जाएगा। जिसकी तैयारी को समय रहते पूरा करने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कसी हुई है। कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# भाई की हत्या करने वाला आरोपी भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव रहरवा में मामूली विवाद को लेकर एक सगे भाई ने अपने भाई के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था और मौके से फरार हो गया था। संबंधित मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई थी।

शनिवार को पुलिस ने वीरेंद्र सिंह की हत्या में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि बीते बुधवार को हत्यारोपी सुनील की बेटी राखी ने अपने चाचा मृतक वीरेंद्र के कूड़े के ढेर पर कचरा डाल दिया। इस मामूली बात पर मृतक वीरेंद्र और हत्यारोपी सुनील के बीच कहासुनी शुरू हो गई थी जो जल्द ही एक खूनी संघर्ष में बदल गई थी। इस दौरान गुस्से में आकर आरोपी सुनील ने अपने भाई वीरेंद्र के सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। इतना ही नहीं, सुनील की पत्नी गुड्डों ने भी डंडा



उठाकर वीरेंद्र पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले में वीरेंद्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े थे। घायल वीरेंद्र को परिजनों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया था। लेकिन, उपचार के दौरान वीरेंद्र की मौत हो गई थी। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी दंपति सुनील और गुड्डों फरार हो गए थे। मृतक के परिजनों की शिकायत पर संबंधित मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। शनिवार को पुलिस ने वीरेंद्र सिंह की हत्या में फरार चल रहे हत्यारोपी सुनील पुत्र भूप सिंह निवासी गांव रहरवा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को गांव शेरपुर से सुलेला पुलिया की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश सरकार के आदेश पर गढ़मुक्तेश्वर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम अभिषेक पांडेय व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। जहां आए हुए फरियादियों की दोनों अधिकारियों ने समस्याओं को सुना और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी



आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें और उनका समय से निस्तारण करें। इस अवसर पर सीओ स्तुति सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा बालियान, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कोर्ट में हत्यारोपी ने दी वकील को धमकी

## अधिवक्ताओं ने किया न्यायालय में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मुकदमे की पैरवी कर रहे वकील को हत्यारोपी ने देख लेने की धमकी दी। जिससे कचहरी में हंगामा हो गया। अधिवक्ता ने बार के सचिव व अध्यक्ष से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के मुताबिक 12 सितंबर को शहर के मोहल्ला काजीजादा में मोहल्ला चकली निवासी बावर्ची फहीम की सीने में सूजा घोंपकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले सगे भाई जाकिर, जाहिद, वाहिद व शाहिद के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। दोनों पक्षों के बीच 25 साल से रंजिश चल रही थी। पुलिस के मुताबिक थूकने को लेकर हुए विवाद में जाकिर ने फहीम की हत्या कर दी थी। पुलिस ने अगले दिन हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी जाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 14 दिन का रिमांड पूरा होने पर बीती 30 सितंबर को उसे अदालत में पेश किया गया था। शहर के मोहल्ला जामा मस्जिद (मुल्लाना) निवासी अधिवक्ता नासिर फारूक भी अपने एक मुकदमे के सिलसिले में उस समय अदालत में मौजूद थे। उनका आरोप है कि कटघरे में खड़ा हत्यारोपी जाकिर उन्हें बेवजह घूरने लगा। अधिवक्ता नासिर फारूक ने जब उसकी इस हरकत का विरोध किया तो उसने देख लेने की धमकी दी। कहा कि तू फहीम की तरफ से बहुत पैरवी कर रहा है जो अंजाम मैंने उसका किया है जेल से छूटकर आने के बाद वो ही अंजाम तेरा करूंगा। भरी अदालत में खुलेआम दी गई इस धमकी के बाद अधिवक्ताओं में रोष फैल गया।

नोंकझोंक शुरू होने पर बिगड़ते हालात भांप पुलिसकर्मी आनन-फानन में पेशी कराने के बाद हत्यारोपी जाकिर को अदालत से ले गए। जिसे लेकर अधिवक्ताओं ने काफी हंगामा भी किया। घटना के पांचवे दिन अधिवक्ता नासिर फारूक ने बार अध्यक्ष व महासचिव को पत्र सौंपते हुए उस दिन के पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। भविष्य में अनहोनी की आशंका जताते हुए घटना का संज्ञान लेने की बात कही है।

# वेतन की अदायगी को लेकर चल रहा मजदूरों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कर्मचारियों का धरना जारी रहने के कारण सिंभावली चीनी मिल के नए पेराई सत्र को लेकर चल रहीं तैयारी प्रभावित हो रही हैं, जिससे पेराई सत्र में लेटलतीफी होने का खतरा मंडरा रहा है।

सिंभावली चीनी मिल द्वारा अपना आगामी पेराई सत्र 28 अक्तूबर को चालू करने को लेकर तैयारी की जा रही है, परंतु दूसरी तरफ लेबर यूनियन द्वारा 25 सितंबर को मिल परिसर में प्रारंभ किया गया धरना अभी तक समाप्त नहीं हो पाया है। जिससे जरूरी तैयारी प्रभावित होने से मिल का पेराई सत्र नियत समय पर चालू होने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति और भी गहराती जा रही है। बैंकों से जुड़े सैकड़ों करोड़ के कर्ज की अदायगी न होने के कारण चीनी मिल को कोर्ट द्वारा पहले ही दिवालिया घोषित किया हुआ है, जिसके चलते मिल संचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए आईआरपी के तौर पर अनुराग गोयल की नियुक्ति होने से प्रबंधन के हाथ भी बंधे हुए हैं। सिंभावली शुगर मिल लेबर यूनियन के अध्यक्ष नारायण सिंह का कहना है कि ओवर टाइम और रिटेनरशिप के भुगतान की अदायगी को लेकर अप्रैल माह में हड़ताल करते हुए कई दिनों तक धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसको लेकर आईआरपी ने नो वर्क नो पेमेंट का उल्लेख करते हुए 106 कर्मचारियों का करीब 20 लाख का वेतन काट लिया था। वार्ता के दौरान भरोसा दिए जाने के बाद भी आईआरपी द्वारा संबंधित वेतन का भुगतान किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके विरोध में कर्मचारियों को एक बार फिर से आंदोलन चलाकर धरने पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कार्यकारणी सदस्य अरुण त्यागी का कहना है कि काटे गए वेतन के साथ ही चार साल से रुके हुए लाखों रुपये के ओवर टाइम के भुगतान की मांग भी की जा रही है। महाप्रबंधक करणसिंह का कहना है कि चीनी मिल का पेराई सत्र नियत समय पर चालू कराने को लेकर मशीनों की ओवरहॉलिंग समेत अन्य सभी जरूरी तैयारी कराई जा रही हैं। जल्द ही कर्मचारियों के साथ वार्ता कर उनकी वाजिब मांग पूरी करते हुए धरना भी समाप्त करा लिया जाएगा।

# पुलिस ने 18 वारंटीयों को दिखाया सलाखों का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर, थाना धौलाना, थाना पिलखुवा, थाना बहादुरगढ़, थाना हाफिजपुर, थाना हापुड़ देहात पुलिस ने 18 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा शादाब पुत्र असलम, नन्हे पुत्र राजेन्द्र, रिफाकत पुत्र मंजुर, वैरिन्द्र उर्फ गददू पुत्र मनीराम, चन्द्रपाल पुत्र छोटे लाल, मनबीर पुत्र तेजपाल व सुनील उर्फ हरीश पुत्र धर्मपाल निवासी मौहल्ला चन्द्रलोक कालानी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड को गिरफ्तार किया है जबकि थाना धौलाना पुलिस द्वारा आमिर उर्फ डैनी पुत्र आकिल निवासी मौहल्ला पिरचौरियान मदरसा गांव देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड, थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा कुलदीप पुत्र रामभूल निवासी ग्राम कांवी थाना पिलखुवा जनपद हापुड, सोनू उर्फ नितिन पुत्र धनगोपाल निवासी मौहल्ला मण्डी सुनारों वाली गली पिलखुवा जनपद हापुड और जुबैर पुत्र कामिल निवासी ग्राम हिम्मतनगर दहपा थाना पिलखुवा जनपद हापुड, थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा यूनुस पुत्र शीनू निवासी मौहल्ला पीरखां थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर और सलीम पुत्र दीनू निवासी ग्राम घुंघराला थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़, थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा सचिन पुत्र गोपी जाटव निवासी ग्राम डेहरा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड, सुरेश पुत्र गंगादास निवासी ग्राम रौटी थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ और मनोज पुत्र महेन्द्र निवासी मौहम्मदपुर रुस्तमपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को गिरफ्तार किया गया है जबकि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा अंकुर पुत्र विजेंद्र निवासी मौहल्ला सोटावली थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ और सतपाल पुत्र मामराज निवासी गांव पीरनगर सूदना थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन तलाश अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

## एक नजर

### इकरा हसन छिजारसी टोल प्लाजा नहीं पहुंची, पुलिस की तैयारी बेकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** बरेली जा रही सांसद इकरा हसन को रोकने के लिए छिजारसी टोल प्लाजा पर शनिवार सुबह से पुलिस ने कड़ी तैयारी कर रखी थी। हालांकि, करनाल में उन्हें गृह नजरबंद किए जाने के कारण वह टोल प्लाजा पर आ ही नहीं सकीं।

इसके बावजूद, पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। मौके पर कोतवाली पुलिस तैनात रही। टोल प्लाजा से निकल रही गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की गई, लोगों से पूछताछ हुई और भीड़ रोकने के लिए बैरिकेड्स भी लगाए गए। पुलिस का कहना था कि किसी भी हालात से निपटने के लिए वे पहले से ही पूरी तरह तैयार थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल गोवंश की बजरंग दल ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रामलीला मैदान के पास शुक्रवार रात एक चार पहिया वाहन से टकराने से एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल की एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम के सदस्यों दीपक तोमर और देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में घायल पशु को सुरक्षित निकालकर तुरंत पशु चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहाँ उसका उपचार कराया गया। समय पर मिली इस सहायता के कारण गोवंश की जान बच सकी। संगठन ने बताया कि वह लगातार गोवंश की सेवा और सुरक्षा के कार्य में जुटा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी घायल पशु को देखने पर तुरंत सूचना दें, ताकि उसे समय पर बचाया जा सके। संगठन के इस सेवा कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

### अवैध मिट्टी खनन करने वालों पर हुई कार्यवाही, चला प्रशासन का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने गढ़ क्षेत्र में देर रात को सुनसान जंगल में छापामारी की। इस दौरान मिट्टी से भरीं दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई कराई जा रही है।

योगी सरकार द्वारा नहर और नदियों से बालू और जंगल से होने वाले अवैध मिट्टी खनन पर पूरी तरह रोक लगाई हुई है, परंतु इसके बाद भी माफिया द्वारा गढ़ तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले के साथ मिट्टी का खनन करते हुए सरकारी राजस्व को चूना लगाकर अपनी जेब गरम की जा रही है। जन शिकायतों के साथ ही सोशल मीडिया पर अवैध खनन के वीडियो वायरल होने पर तहसील प्रशासन हरकत में आ गया है। एसडीएम श्रीराम यादव ने शुक्रवार की देर रात को राजस्व टीम के साथ गढ़ क्षेत्र के गांव शाहपुर चौधरी के सुनसान जंगल में बेहद गोपनीय ढंग से छापामारी की।

टीम के पहुंचने की भनक लगते ही खनन माफिया के लोग आसपास के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल में छिपकर फरार हो गए। एसडीएम ने बताया कि मौके पर मिट्टी से भरी हुई दो ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी हुई मिलीं, जिन्हें कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि संबंधित ट्रैक्टर ट्रॉली मालिकों के विरुद्ध रॉयल्टी अदा किए बिना मिट्टी का उठान कराने के संबंध में खनन विभाग के माध्यम से अग्रिम कार्रवाई कराई जा रही है।

### मंदिर की कृषि भूमि को लेकर हो रहा है विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गांव कल्याणपुर स्थित महादेव मंदिर की कृषि भूमि और फसल राशि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर के महंत एवं संपत्ति प्रबंधक ने डीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। महंत के शिष्य मंशा गिरि ने बताया कि मंदिर की लगभग 20 बीघा कृषि योग्य भूमि पर कुछ लोगों द्वारा फसल की उपज का सही हिसाब नहीं दिया जा रहा।

उन्होंने कहा कि फसल की देखरेख में अनियमितता और उपज की राशि में बेईमानी की जा रही है, जिससे मंदिर की आय और संपत्ति दोनों को नुकसान हो रहा है। आरोप है कि मंदिर परिसर में बरामदे की दीवार की मरम्मत और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए धनराशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की है कि मंदिर की जमीन धार्मिक न्यास की संपत्ति है, इसलिए उसकी उपज और उपयोग में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। डीएम ने संबंधित मामले में तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं।

# भाकियू ने फिर भरी आंदोलन की हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बकाया गन्ना मूल्य की ब्याज समेत अदायगी न होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए भाकियू कार्यकर्ताओं ने फसलों में बर्बादी और सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन रहे निराश्रित पशुओं की धरपकड़ न होने पर कड़ी नाराजगी जताई।

भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत शनिवार को सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में हुई। अध्यक्षता करते हुए जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद जूनियर ने कहा कि बड़े ही दुर्भाग्य का विषय है कि किसानों को एक साल बाद भी अपने ही गन्ने का भुगतान नहीं मिल पा रहा है, जिससे त्योहारी सीजन में आर्थिक तंगी के चलते किसानों को जरूरतपूर्ति के लिए उधार से लेकर कर्ज तक लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली ने कहा कि सरकारी स्तर से गो संरक्षण केंद्र, गोशाला और आश्रय स्थल वाली योजना चलाए जाने के बाद भी निराश्रित पशुओं पर कोई नकेस कस पाना संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे फसलों में बर्बादी होने के साथ ही सड़कों से लेकर आबादी के बीच आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। सुरेंद्र, विनोद, महेश पाल, जयवीर, अनिल, सुखबीर, प्रशांत, श्यामवीर समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देव नन्दिनी कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को देव नन्दिनी कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, बनखंडा कुचेसर-सियाना रोड में नव-प्रवेशित नर्सिंग छात्र-छात्राओं का स्वागत करने के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग छात्र-छात्राओं को संस्थान के नियमो, सुविधाओं, शैक्षिक वातावरण एवं अवसरो से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. रेखा शर्मा, एवं विशिष्ट-जन डा. अशोक मैत्रेय, संतोष कुमार, सेवाराम एवं अरविन्द चौधरी का कॉलेज के डायरेक्टर डा. श्याम कुमार एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डा. विमलेश शर्मा एवं डा. गोविन्द सिंह द्वारा स्वागत किया गया। कॉलेज की प्रिंसिपल शायनी द्वारा नव-निर्मित कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं से परिचय कराया गया। संस्थान की कार्य-प्रणाली से परिचय कराया गया एवं छात्रो को आचार-संहिता और शैक्षिक नीतियों की जानकारी प्रदान की गई। नर्सिंग छात्र-छात्राओं का अध्ययन के साथ-साथ उनका व्यहारिक प्रशिक्षण देव नन्दिनी अस्पताल, हापुड़ में कराया जाएगा। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास व सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इससे नर्सिंग छात्र-छात्राओं को संस्थान के वातावरण में ढलने, अपनी जिम्मेदारियों के समझने तथा



भविष्य के लिए प्रेरित होने का अवसर प्रदान किया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम असिस्टेंट प्रोफेसर मौहम्मद दानिश, प्रियंका सैनी एवं शाहरुना द्वारा मंच संचालन किया गया तथा कॉलेज फैकल्टी के अलावा सर्वश्री सुधीर सागर, रजनीश, दीप्ति मलिक, दीपक त्यागी, संजय त्यागी, दीपक चौधरी एवं दुष्यंत त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के मामले में नहीं मिली तहरीर

## मृतक पति ने डाक्टर के बेटे पर लगाए थे गंभीर आरोप

**हसनपुर।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सूबरा में पति विजय पत्नी भूरी द्वारा खुदकुशी किये जाने के बाद से ही ग्रामीण गमगीन है। आसपास के गांव के लोग भी पति-पत्नी ने आत्महत्या क्यों की इसकी तह तक जाना चाहते हैं। आत्महत्या करने वाले विजय की जेब में दो पेज का सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसमें लिखा था कि मेरा घर डॉक्टर के लड़के ने बिगाड़ा है। घर में और कोई लड़ाई नहीं थी। सुसाइड नोट के मुताबिक विजय ने चाचा व भाई से भी इस बारे में बात की थी। और बताया था कि रुपेश के चक्कर में ही घर में लड़ाई होती है। लेकिन उसकी बात का किसी से विश्वास नहीं किया। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या जैसे खतरनाक काम को अंजाम दिया है। विजय का यह भी कहना था कि डॉक्टर का रूपेश बहुत तेज है। वह मुझे मरवाना चाहती थी। पर कोई मानने को तैयार नहीं था। और किसी का कोई कसूर नहीं सिर्फ डॉक्टर के रुपेश के ऊपर ही लड़ाई थी। तीन बार ससुराल भेज दी पर नहीं मानी। और कोई लड़ाई नहीं थी। मैंने पत्नी को समझाया था कि तू मान जा रिश्ता गलत है। जिस दिन आंख से देख लूंगा तो कुछ नहीं कहूंगा। पर तुझे साथ लेकर मर जाऊंगा। 22 दिन में मैंने 13 रोटी खाई 88 मंडल पीये है। एक घंटा भी नहीं सोया। पुलिस अधिकारियों ने भी विजय की जेब में मिले सुसाइड नोट को बड़ी बारीकी के साथ पढ़ा है। विजय के अभी छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं। माता-पिता का साया तीनों बच्चों के सर से उठ चुका है। विजय के परिवार के लोगों को भी सुसाइड नोट के बारे में सब कुछ पता चल चुका है। इस मामले में थानाध्यक्ष आदमपुर कुमरेश त्यागी ने बताया इस मामले में पुलिस को कोई पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होता है कि पति पत्नी की आत्महत्या का मामला लगभग निपट चुका है। उधर दूसरे दिन भी गांव में दम्पति की मौत से सन्नाटा छाया रहा। कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। मासूम बच्चों को देखकर लोगों की आंखों में आपने आप ही आंसू छलक आते हैं।

**दूसरे दिन भी गांव में छाया रहा सन्नाटा**

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिले डीएपी और यूरिया: पवन हूण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ओर से शनिवार को गांव झड़ीना और लोदीपुर में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। सभाओं की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने की।

इस दौरान किसानों ने डीएपी और डाई यूरिया खाद की उपलब्धता को लेकर चर्चा की। जिलाध्यक्ष पवन हूण ने कहा कि इन दिनों आलू की बुवाई चल रही है, ऐसे में कोऑपरेटिव सोसाइटी झडीना में खाद की गाडियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को समय पर खाद नहीं मिली तो यूनियन संबंधित खाद्य अधिकारियों का घेराव करेगी। सभा में मौजूद किसानों ने कहा कि हर सोसाइटी में किसानों को बराबर मात्रा में खाद मिलनी चाहिए ताकि फसलों की बुवाई प्रभावित न हो। यूनियन ने आगामी 10 अक्टूबर को सिंभावली में होने वाली किसान महापंचायत में अधिक से अधिक किसानों से शामिल होने का आहवान किया। इस मौके पर सभा में मुकेश त्यागी, भूपेंद्र त्यागी, महेश गुर्जर, गंगादास, जयकरण सिंह, सदन सिंह, शीशपाल, भाग सिंह, ओपी भाटी, अनिल हूण, सुमित तंवर, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# आम्रपाली गोल्फ होम्स विवाद में चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** आम्रपाली गोल्फ होम्स एंड किंग्सवुड सोसाइटी में शुक्रवार रात सोसाइटी में उल्टी दिशा से कार के साथ प्रवेश करने को लेकर सुरक्षा गार्डों और निवासियों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान महिला निवासी के साथ भी बदसलूकी और हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मामले में बिसरख कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक अर्जुन और अभिषेक सोसाइटी में सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रहते हैं। शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे दोनों अपनी कार से सोसाइटी में निकास द्वार से अंदर प्रवेश कर रहे थे। तभी सोसाइटी के गार्ड गौतम सिंह निवासी कानपुर देहात व सत्यम शुक्ला निवासी हरदोई ने उन्हें निकास द्वार से अंदर जाने को लेकर रोका दिया गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर पहले दोनों पक्षों के मध्य मारपीट हो गई थी। पुलिस के मुताबिक निवासियों ने एक गार्ड को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गार्डों ने लाठी और डंडे से निवासियों की पिटाई कर दी। निवासियों के साथ मौजूद महिला जब बीच बचाव को आई तो उसके साथ भी अभद्रता की गई। निवासियों और गार्डों के बीच करीब आधे घंटे तक प्रवेश द्वार पर ही विवाद चलता रहा। सूचना के बाद पुलिस भी पहुंची और विवाद को शांत कराने की कोशिश की। मगर पुलिस की मौजूदगी के दौरान भी विवाद होता रहा।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि सुरक्षा गार्ड और निवासी आपस में भिड़े हुए हैं। जबकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बीच बचाव कर स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। वहीं कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि विवाद उल्टी दिशा से सोसाइटी में प्रवेश को लेकर हुआ था। प्रथम पक्ष से अर्जुन व अभिषेक व द्वितीय पक्ष से गौतम सिंह व सत्यम शुक्ला को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**सोसाइटी में है गार्डों की कमी:** सोसाइटी के एओए अध्यक्ष राघवेंद्र का कहना कि सोसाइटी में जीएसआईएस एजेंसी के पास सुरक्षा का जिम्मा है। सोसाइटी में दो प्रवेश द्वार और दो निकास द्वार है। उल्टी दिशा में प्रवेश को लेकर विवाद हुआ था। सोसाइटी में किराये पर रहने वाले लोगों ने अपना ग्रुप बना रखा है। सोसाइटी में हाल ही में एओए का चुनाव हुआ था। इस कारण इस विवाद को ज्यादा तूल दिया रहा है। सिक्योरिटी से बात चल रही है। अभी मेंटेनेंस व एफएमएस एनबीसीसी के अधीन है।

एनबीसीसी ने हैंडओवर नहीं दिया है। पुरानी एओए से भी जरूरी दस्तावेज नहीं मिले है। नई सुरक्षा एजेंसी रखने को लेकर भी बात चल रही है। अभी सुरक्षा गार्ड कम है। कुल 80 गार्ड है। जबकि सोसाइटी में 56 टावर है। पूरे टावर में सुरक्षा गार्ड तैनात करने के लिए नहीं है। सोसाइटी में पूर्व में चोरी हो चुकी है। पूर्व में चोरी करते हुए कई लोगों को पकड़ा जा चुका है।

# नोएडा एयरपोर्ट के शुभारंभ से पहले यीडा ने बनाया तगड़ा प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण यीडा क्षेत्र में लाजिस्टिक व वेयर हाउसिंग की बढ़े अवसर का यमुना प्राधिकरण फायदा उठाएगा।

प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के नजदीक सेक्टर आठ एफ को लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब के तौर पर विकसित करने का फैसला किया है। सेक्टर में भूखंडों का आकार व आंतरिक विकास की रूपरेखा सलाहकार एजेंसी के सुझाव पर तैयार की जाएगी। ले आउट तैयार होने के बाद यीडा सेक्टर में लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के लिए भूखंड योजना निकालेगा। यमुना प्राधिकरण ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक के सेक्टरों को मास्टर प्लान 2041 में मल्टी परपज उपयोग के लिए चिह्नित किया है। इस श्रेणी में मुख्य गतिविधि के तौर पर उद्योग को बढ़ावा देने की योजना है। एयरपोर्ट के नजदीक लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की मांग लगातार हो रही है। 30 अक्टूबर को एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद यात्री सेवा के अलावा घरेलू कार्गो सेवा भी शुरू हो जाएगी। इसके बाद यीडा क्षेत्र में लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की मांग और गति पकड़ेगी। इसे पूरा करने के लिए यीडा आठ एफ सेक्टर को लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के हब के तौर पर विकसित करेगा। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह का कहना है कि सेक्टर का आंतरिक ले आउट प्लान तैयार करने से पहले लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की जरूरतों को अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए सलाहकार एजेंसी की सेवा ली जाएगी। एजेंसी उद्यमियों एवं देश में अन्य जगहों पर विकसित लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब का अध्ययन कर रिपोर्ट देगी, उसके आधार पर सेक्टर में भूखंडों का आकार तय किया जाएगा। अन्य ढांचागत सुविधाओं के लिए लेआउट प्लान में प्रविधान किया जाएगा। लेआउट प्लान तैयार होने के बाद आवंटन के लिए भूखंड योजना निकाली जाएगी।

**टप्पल में भी प्रस्तावित है मल्टी मॉडल लाजिस्टिक पार्क:** यीडा ने फेज दो में शामिल टप्पल अर्बन सेंटर में भी मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क प्रस्तावित किया है। इसके लिए अलीगढ़ जिला प्रशासन जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। टप्पल लाजिस्टिक पार्क भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक है। एयरपोर्ट के इसकी सीधे सड़क कनेक्टिविटी होगी।

# नोएडा में ऐसे होगा 1500 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण

### बैठक में तैयार हुआ मास्टर प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वैज्ञानिक पद्धति से कचरा निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण पहला इंट्रीग्रेटेड सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाएगा। इसकी क्षमता 300 टीडीपी होगी। भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाकर 500 टीडीपी की जाएगी। प्लांट में कचरे से पानी, बिजली और कंपोस्ट बनाया जा सकेगा।वहीं, शुक्रवार को प्राधिकरण बोर्ड बैठक में चेयरमैन दीपक कुमार ने इसे अनुमोदित कर दिया। प्लांट का संचालन होने पर एक ही स्थान पर गीले और सूखे कूड़े का निस्तारण हो जाएगा। यह सेक्टर-145 में 19.5 एकड़ अथवा ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में 16.66 एकड़ पर प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र पर लगाया जाएगा। 30 एकड़ जमीन को प्राधिकरण ने 64 करोड़ रुपये देकर खरीदेगा।

बता दें कि नोएडा में 1200 मीट्रक टन कचरा निकल रहा है, लेकिन भविष्य में 1500 टीडीपी कचरा निकलेगा। प्राधिकरण ने एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड कुल 600 टीडीपी के निपटारे का अनुबंध किया है। प्लांट लगाने का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा डिसेंट्रलाइजड इंटीग्रेटेड म्यूनिसिपल सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट 40 टीडीपी के छह यानी 240 टीडीपी लगाए जाएंगे।प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में निकलने वाले वेस्ट से एक साथ तीन प्रोडक्ट तैयार होंगे। पहला बायोगैस से बिजली, दूसरा कंपोस्ट और तीसरा पानी। इस पानी का प्रयोग कार वाशिंग, कंस्ट्रक्शन और सिचाई के लिए किया जाएगा।

**गोवा में हो रहा प्रयोग:** गोवा में इसी टेक्नोलाजी का प्रयोग किया जा रहा है। प्लांट में कचरे से जैविक पदार्थों को अलग किया जाता है। उन्हें बायोगैस के रूप में परिवर्तित किया जाता है। जो विद्युत ऊर्जा उत्पादन में सहायक होता है। रेस्टोरेंट्स से निकलने वाले गीले कचरे को महत्वपूर्ण बायो-प्रोडक्ट्स मीथेन युक्त जैसे बायो-गैस में बदला जाता है। साथ ही सूखे कचरे से रिसाइकिल करने योग्य सामग्री मिलती है। प्लांट में 300 मीट्रिक टन कचरे का इसी तरह निपटारा किया जाएगा। इससे पानी भी निकलेगा।।इसके अलावा प्लांट प्रतिदिन 7-8 टन खाद भी उत्पन्न होगा। करता है। उन्होंने बताया कि गीले सूखे कचरे को इस टेक्नोलाजी से निपटारा करने से हमें लिचेड (एक प्रकार का गंदा पानी) मिलता है। इस पानी को शोधित कर प्रयोग में लाया जा सकता है।

प्राधिकरण इस पानी का प्रयोग करेगा। इसके लिए इंटीग्रेटेड सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के साथ ही एक एसटीपी भी बनाया जाएगा। यह लिचेड एसटीपी में शोधित होगा।एक आकलन के अनुसार, 100 टन कचरे से रोजाना करीब दो टन पानी बनाया जा सकता है। इसका प्रयोग कार वाशिंग, सिचाई और कंस्ट्रक्शन में हो सकता है। अस्तौली या सेक्टर-145 में लगने वाला प्लांट को पीपीपी माडल पर लगाया जाएगा। यानी कंपनी बिजली, कंपोस्ट और पानी को बेचकर प्लांट का खर्चा निकालेगी और संचालन करेगी। साथ ही अनुबंध के तहत प्राधिकरण को हैंडओवर करेगी। इसके लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी।

# नवरात्रि में बढ़ गई रियल एस्टेट की रौनक

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 6,000 प्रॉपर्टी की हुई रजिस्ट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नवरात्रि के दौरान रियल एस्टेट बाजार में नई रौनक देखने को मिली है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, दादरी और जेवर क्षेत्र में इन नौ दिनों में लगभग 6,000 संपत्तियों की रजिस्ट्री हुई। इनमें फ्लैट, प्लॉट, कोठियां, फैक्ट्रियां और ऑफिस स्पेस शामिल हैं।

इसी अवधि में नए आवासों की बुकिंग भी बढ़ी। सबसे ज्यादा रजिस्ट्री ग्रेटर नोएडा में दर्ज की गई। इस बढ़ते रुझान से डेवलपर्स और निवेशकों में उत्साह का माहौल है, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ा लाभ मिला है। नोएडा एयरपोर्ट के आसपास स्थित प्लॉट निवेशकों की पहली पसंद बने हुए हैं, और रजिस्ट्री के आंकड़े आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। रजिस्ट्री विभाग के अनुसार, नवरात्रि के दिनों में संपत्ति की रजिस्ट्री सामान्य दिनों के मुकाबले 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई। ग्रेटर नोएडा में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री दर्ज की गई, जहां फ्लैट और रेडी-टू-मूव प्रॉपर्टी की मांग में खासा इजाफा देखा गया। नोएडा में ऊंची कीमतों के कारण ज्यादातर रजिस्ट्री पुराने प्रोजेक्ट्स और री-सेल प्रॉपर्टी की रही। वहीं, दादरी और जेवर में खरीदारों ने अधिकतर प्लॉट में निवेश करना पसंद किया।

**दादरी में प्रॉपर्टी की कीमत कम:** नोएडा में औसतन रोज 125, दादरी में 300, ग्रेटर नोएडा में 200 और जेवर में 100 संपत्तियों की रजिस्ट्री दर्ज की गई। नोएडा की तुलना में ग्रेटर नोएडा, ग्रेनो वेस्ट, दादरी और जेवर में संपत्तियों की कीमतें कम होने से इन क्षेत्रों में रजिस्ट्री की रफ्तार ज्यादा रही। नोएडा में जहां री-सेल मार्केट सक्रिय है, वहीं ऊंचे दामों के कारण नई संपत्तियों की रजिस्ट्री सीमित रही। जिन पुरानी परियोजनाओं के फ्लैट अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के अंतर्गत आते हैं, उनमें बिल्डरों द्वारा बकाया राशि जमा न करने से रजिस्ट्री की प्रक्रिया धीमी पड़ी है, जबकि जिन योजनाओं में भुगतान पूरा कर दिया गया है, वहां रजिस्ट्री की अनुमति दी जा रही है।



**दादरी और जेवर में प्लॉट ज्यादा खरीदे जा रहे:** रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न परियोजनाओं में फ्लैटों की बुकिंग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, दादरी और जेवर क्षेत्रों में लोगों ने प्लॉट खरीदने में अधिक रुचि दिखाई है, क्योंकि यहां ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स बहुत कम हैं या लगभग न के बराबर हैं। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट के आसपास की जमीनों में निवेशकों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है, जिसके चलते इस इलाके में बुकिंग और रजिस्ट्री दोनों की संख्या में इजाफा हुआ है।

**धड़ाधड़ फ्लैट बुक कर रहे लोग:** गौड़ समूह के चेयरमैन मनोज गौड़ ने बताया कि नवरात्रि में लगभग 200 फ्लैटों की बुकिंग की गई, जबकि कई खरीदार धनतेरस और दिवाली के अवसर पर बुकिंग करने की योजना बना रहे हैं। इस अवधि में पुरानी बुकिंग से जुड़ी रजिस्ट्रियां भी पूरी की गईं। वहीं, निराला वर्ल्ड के सीएमडी सुरेश गर्ग के अनुसार उनकी परियोजनाएँ निराला एस्टेट, निराला ट्रायो और निराला गेटवे में करीब 100 नई बुकिंग दर्ज हुई हैं, और दिवाली तक बिक्री बढ़ाने के लिए नए लक्ष्य तय किए गए हैं।निंबस ग्रुप के सीईओ साहिल अग्रवाल ने बताया कि इस बार का त्योहारी सीजन रियल एस्टेट के लिए आशाजनक साबित हो रहा है। उनकी परियोजना 'निंबस दा पाम विलेज' में खरीदारों के लिए भुगतान के विविध ऑफर पेश किए गए हैं। मिगसन ग्रुप के एमडी यश मिगलानी के अनुसार, जीएसटी में कमी और कम ब्याज दरों ने ग्राहकों का भरोसा बढ़ाया है। वहीं, एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने कहा कि त्योहारी दौर में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों तरह की परियोजनाओं पर सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

प्रांशी इंफ्रा एडवाइजर के प्रबंध निदेशक प्रताप सिंह अहलावत ने कहा कि नोएडा का रियल एस्टेट तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय कई महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को जाता है। उन्होंने उल्लेख किया कि जेवर में निर्माणाधीन नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो 30 अक्टूबर 2025 को शुरू होने की संभावना है, क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगा। अहलावत ने बताया कि नवरात्र के दौरान दिखा सकारात्मक रुझान दिवाली तक और तेज होने की उम्मीद है, जिससे बुकिंग में और बढ़ोतरी संभव है।

## एक नजर

### ढाबे पर युवक को जमकर पीटा, अस्पताल में तोड़ा दम

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गौर सिटी-2 स्थित गोपाल जी ढाबा पर शुक्रवार देर रात खाना देने को लेकर हुआ विवाद एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ढाबा संचालक वरुण कौशिक के यहां काम करने वाले कर्मचारी नीटू (26) की कुछ ग्राहकों से कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान हुई हाथापाई ग्राहकों ने मिलकर नीटू की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शांति व्यवस्था बनाए रखी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ढाबा संचालक और मृतक के अन्य साथियों से भी पूछताछ की जा रही है। जिससे घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

### तीन लाख वाहनों के आरसी निलंबन की जांच के लिए परिवहन विभाग ने बनाई टीम

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्ती के बीच जनवरी से सितंबर तक ट्रैफिक पुलिस ने तीन लाख वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) और करीब चार हजार ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निलंबित करने के लिए परिवहन विभाग को भेजे। लेकिन प्रक्रिया नियमों के अनुरूप न होने पर विभाग ने छटनी और जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। परिवहन विभाग के अनुसार भेजी गई सूची में कई ऐसे मामले भी शामिल हैं जिनमें न तो गंभीर उल्लंघन हुआ है और न ही कानूनी तौर पर निलंबन बनता है। इस कारण विभाग ने वास्तविक मामलों की पहचान शुरू की है। केवल उन्हीं मामलों में निलंबन होगा जो मोटर वाहन अधिनियम की शर्तें पूरी करते हों।

सूची में कई बाहरी जिलों और राज्यों के वाहन नंबर भी हैं। विभाग ऐसे मामलों को संबंधित आरटीओ को भेज रहा है। नोएडा में दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद समेत अन्य जिलों के वाहन बड़ी संख्या में आते-जाते हैं, जिन पर भी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

ड्राइविंग लाइसेंस के मामलों में भी विभाग की टीम जांच कर रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा भेजी गई चार हजार डीएल की सूची में से वास्तविक उल्लंघन वाले मामलों पर ही कार्रवाई होगी।

**क्या कहता है नियम:** मोटर वाहन अधिनियम के तहत केवल गंभीर उल्लंघन जैसे शराब पीकर वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना या बार-बार नियम तोड़ने पर ही आरसी या डीएल निलंबन का प्रावधान है। अधिकांश मामलों में यह आधार स्पष्ट नहीं है, इसलिए विभाग ने वास्तविक मामलों पर ही निलंबन और बाकी की बहाली का निर्णय लेने की प्रक्रिया शुरू की है।

### 25 हजार ऑटो चालकों को जल्द मिलेगी बड़ी राहत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** एक जिला एक परमिट व्यवस्था लागू होने से अभी दो कदम दूर है। गौतमबुद्ध नगर में यह व्यवस्था लागू होगी तो तो प्रदेश का पहला जिला होगा। दिल्ली की तर्ज पर यहां पर ऑटो के लिए एक परमिट होगा।

परिवहन आयुक्त से लिखे पत्र पर शासन की अनुमति का इंतजार है। एसटीए (स्टेट ट्रांसपार्ट अथारिटी) की बैठक में इसका अंतिम निर्णय होगा। जिले में इस वक्त 25 हजार से अधिक ऑटो संचालित हैं। सभी आटो को परमिट रूट के हिसाब से जारी किया गया है। निर्धारित रूट से अलग इन आटो का संचालन नहीं हो सकता है। बता दें नोएडा के हर हिस्से में आटो की पहुंच करने की तैयारी की जा रही है। आटो चालकों की यूनियन ने एक जिला एक परमिट की व्यवस्था लागू करने की मांग पूर्व में की गई थी। इसके लिए सबसे पहले उपसंभागीय परिवहन अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी और परिवहन आयुक्त ने शासन को पत्र लिखा है। शासन स्तर से मंजूरी के बाद एसटीए की बैठक में इसकी फाइनल मंजूरी मिलेगी। मौजूदा समय में 16-16 किमी के रूट पर आटो को परमिट जारी किए गए हैं। सेक्टर-59 से किसी को सूरजपुर भी जाना होता है तो यात्री को दो बार आटो बदलना पड़ता है। यह व्यवस्था लागू होने के बाद चालक सीधा भी सूरजपुर तक जा पाएंगे। आटो की फिटनेस समेत मीटर व्यवस्था रखने पर जोर दिया जा रहा है। शहर में संचालित 70 फीसदी से अधिक आटो में मीटर नहीं लगा हुआ है। वाहनों का दवाब या जाम की स्थिति होने पर मनमानी रुपयों की वसूली की जाती है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर दो सुरक्षा गार्डों पर हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट पर दो सुरक्षा गार्डों पर हमला हुआ है। कार सवार कुछ लोगों ने बैरिकेड हटाने के विवाद में लोहे की रॉड से हमला कर दोनों चचेरे भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में 3 नामजद सहित 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

करौली बांगर निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई सागर और चचेरे भाई गौरव यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट के पास सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करते हैं। शुक्रवार रात वे ड्यूटी पर थे, तभी रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मुरादगढ़ी गांव निवासी गब्बर, दीपक और केपी सहित कुछ अज्ञात लोग कार से गलत दिशा से आकर बैरिकेड हटाने लगे।

# प्राधिकरण टीम ने 50 किलो प्लास्टिक जब्त की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ शनिवार से अभियान शुरू कर दिया। शनिवार को अलग-अलग जगह कार्रवाई कर 50 किलो प्लास्टिक जब्त की। शनिवार को जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह और गौरव बंसल के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। टीम ने सेक्टर-34 में एवरग्रीन मार्केट, ओम डेयरी और अमलतश बाजार में जांच की। यहां पर जांच के दौरान टीम ने अलग-अलग दुकानों से करीब 50 किलो प्लास्टिक जब्त की। वहीं पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए दुकानदारों को जागरूक किया। दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि प्लास्टिक का प्रयोग करने पर जल्द जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# मेले में 94 बच्चों के छूटे हाथ पुलिस ने निभाया पूरा साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मां-बाप, दादा-दादी व जानकारों के साथ गौतमबुद्ध नगर में आयोजित हुए रामलीला, दशहरा व दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल व मेला देखने पहुंचे बच्चों के भीड़भाड़ में हाथ भी खूब छूटे, लेकिन गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस बच्चों के लिए खेवनहार बनी रही। रोते मिले बच्चों को दुलार किया।

बताया गया कि करीब दस दिनों में 94 बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाया। बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे भी खुशी से खिल गए। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस का आभार जताया।गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के तीनों जोन में वृहद स्तर पर रामलीला, दशहरा व दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन हुआ। नोएडा जोन में ही पांच जगह पर रामलीला और 99 जगह पर दुर्गा पूजा पंडाल व आठ जगह पर रावण दहन का आयोजन हुआ। इनमें सेक्टर 62, सेक्टर 21ए नोएडा स्टेडियम, सेक्टर 46, सेक्टर 105 स्थित महर्षि विवि के पास हुए आयोजन में खूब भीड़ पहुंची।इसी तरह गौर सिटी के अलावा ग्रेटर नोएडा और देहात क्षेत्र में हुई रामलीला में भी भीड़ टूटे नहीं टूटी। शुरूआत से मेला समिति व पुलिस के पास बच्चों मेले में छूट जने की शिकायते पहुंचीं। कई जगह पलिस को ही स्वजन से बिछड़े बच्चे रोते मिले। पुलिस एनाउसमेंट कराकर जानकारी साझा की।अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पूर्व में भी पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए थे। मेले में पहुंचने वाले लोगों की शिकायतों पर ध्यान दिया जाए। बिछड़े बच्चों को मेला पुलिस चौकी पर लाकर घर जैसा माहौल उपलब्ध कराया जाए। तीनों जोन में पुलिस ने मेले में छूटे 94 बच्चों को स्वजन से मिलावाया। उनकी काउंसलिंग कराकर घर भेजा।

# ठगी में निदेशक समेत 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक एनआरआई डॉक्टर ने एक बिल्डर कंपनी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बिल्डर के निदेशक समेत बारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। नोएडा सेक्टर 36 निवासी डॉक्टर गुरप्रीत सिंह अमेरिका में रहते हैं। डॉक्टर गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक बिल्डर के कमर्शियल प्रोजेक्ट में तीन दुकानें खरीदी थी। इसके बाद बिल्डर ने यह प्रोजेक्ट दूसरे बिल्डर को हस्तांतरित कर दिया गया। दुकान बुक करते समय तय हुआ कि निवेशक को प्रति माह किराया दिया जाएगा।

पीड़ित डॉक्टर के मुताबिक बिल्डर ने दुकानों की रजिस्ट्री के बाद उन्हें करीब 36 महीने तक दुकानों का किराया नहीं दिया। जब इस संबंध में वह बिल्डर के प्रोजेक्ट पर बात करने पहुंचे तो बताया गया कि प्रोजेक्ट 2009 में पूरा होना था, लेकिन पूरा नहीं हो सका है। इसके बाद उन्हें बताया गया कि उनका जो मासिक किराया है, उसकी एवज में उन्हें एक दुकान आवंटित कर दी जाएगी। काफी दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें दुकान नहीं दी गई। इस बीच बिल्डर कंपनी ने पीड़ित का करीब 48 लाख रुपये हड़प लिया। पीड़ित ने परेशान होकर पुलिस से शिकायत की। इस मामले में बिल्डर पक्ष से 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# केबिल वायर कंपनी में लगी आग

## पांच दमकल की गाड़ियों ने 30 मिनट में बुझाई आग, शाट सर्किट की वजह से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक केबल वायर कंपनी में आग लग गई। आग से लाखों का तैयार मॉल और मशीनों को नुकसान हुआ है। हालांकि कोई जनहानि नहीं है। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर एक-एक करके पांच दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।




सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-63 में क्लो नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। 11 बजे के आसपास कंपनी के सेकेंड फ्लोर पर आग लगी। आग तेजी से फैली। इस फ्लोर पर केबल वायर असेंबलिंग का काम होता है। आग तेजी से फैली साथ ही काफी काला धुंआ भी हुआ। जिसे बाहर निकाला गया। आग लगते ही सभी लोग फैक्ट्री से बाहर आ चुके थे। पुलिस ने बताया कि आग को फैलने से रोका गया। आसपास की इमारतों को भी खाली कराया गया। साथ ही आग को दूसरे तल पर बुझा दिया गया। इस दौरान कोई जनहानि नहीं है। हालांकि लाखों का तैयार मॉल और मशीनरी को नुकसान हुआ है।

# वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना के खिलाफ करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जल विभाग में वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लागू करने की तैयारी में है। योजना के लागू होने के बाद सेक्टरों में नलकूपों पर तैनात कर्मचारियों को अपनी नौकरी खतरे में नजर आ रही है। इसके विरोध में 13 अक्तूबर से नलकूप ऑपरेटर प्राधिकरण के गेट पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान ने कहा कि वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना लागू हुई तो सभी नलकूप ऑपरेटर कर्मचारियों के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। इस मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नलकूप संचालक यूनियन के संरक्षक राजू भाटी व अध्यक्ष लोकेश भाटी समेत जितेंद्र भाटी, हरिदत्त नागर, मनोज प्रधान, विनोद शर्मा, सरजीत प्रधान, दिलशाद, श्रीकांत नागर, प्रमोद शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डीआईजी ने सुनी बागपत तहसील दिवस में जनसमस्याएं

## जमीन से जुड़े मामलों को तुरंत निस्तारण करने के डीआईजी ने दिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बागपत तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीआईजी ने विशेष रूप से जमीन से जुड़े मामलों को चिह्नित कर तुरंत निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या ऐसी नहीं होनी चाहिए जिसका समाधान न हो सके। अधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। लंबित विवेचनाओं के तुरंत निस्तारण के लिए भी उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। डीआईजी ने जोर दिया कि थाने या चौकी पर आने वाले हर फरियादी की समस्या का तत्काल समाधान होना चाहिए। इस दौरान, डीआईजी नैथानी ने संपूर्ण समाधान दिवस में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुछ समस्याओं का समाधान डीआईजी ने अपनी उपस्थिति में ही कराया। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कार्यों में लापरवाही करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, अपराधियों की धरपकड़ के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए। इस संपूर्ण समाधान दिवस में डीआईजी कलानिधि नैथानी के साथ जिलाधिकारी अस्मिता लाल और एसपी सूरज राय सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।





# अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर ट्रस्ट द्वारा शिक्षकों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ गायत्री महामंत्र के पाठ तथा समापन राष्ट्र गान से हुआ। समारोह में सम्मानित प्रतिभाओं में पूर्व प्राचार्या डा.इन्दिरा देवी, महावीर शर्मा, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त ममता मानव, पूर्व प्रधानाचार्य जुगल किशोर, शिक्षिका शिवानी आर्या व ऋतु अग्रवाल, श्योराज शामिल हैं। संस्था की ओर से सभी को शाल, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षाविद कुंवर महासिंह चौहान ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। क्षिक्षक बच्चों को क्षिक्षा देने के साथ उनका चरित्र निर्माण भी करते हैं। गुरू जनों की सेवा भावना का सम्मान होते रहना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने गुरू महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षाविद कुंवर महासिंह चौहान ने की तथा संचालन महामंत्री डा.महेन्द्र सिंह धामा मैनेजर ने किया। इस अवसर कुंवर चौहान, डा.महेन्द्र धामा, प. राजपाल शर्मा, देवेन्द्र आर्य, प. राधेश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने की 12 नलकूपों से हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा गांव के जंगल में अज्ञात चोरो ने नलकूपों पर धावा बोल हजारों रूपये का समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानों ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पिछले दो वर्षों से ढिकोली, रटौल, फुलैरा के जंगलों मे चोरो का आतंक बना हुआ है। चोर अलग अलग स्थान बदल नलकूपों से विघुत उपकरण चोरी कर ले जाते है। फुलैरा गांव मे भी रात्रि अज्ञात चोरो ने ब्रहमपाल, सतपाल, जगबीर, रतन सिंह, विनोद कुमार, महेन्द्र सिंह, नरेन्द्र, तेजपाल, रमेश, ओमप्रकाश, जगत सिंह, बलवान सिंह आदि ने नलकूपों पर धावा बोल स्टाटर, केबिल, फावड़े सहित हजारों का समान चोरी कर ले गये। सुबह जब ग्रामीण नलकूपों पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला किसानों ने बताया कि चोर पिछले दो वर्ष से सक्रिय है जो किसानों के नलकूपों को रात में निशाना बना चोरी कर ले जाते है। पीड़ित किसानों ने थानें मे तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# विधानसभा वार प्रत्येक बूथ पर सपा करेगी बीएलए नियुक्त:रविन्द्र देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को समाजवादी पार्टी पर एक मासिक बैठक का आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की व संचालन जितेंद्र यादव ने किया।

बैठक के दौरान सपर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने बड़ी संख्या में उपस्थित सपा पदाधिकारीयों, नेताओं और कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई दी। इसके बाद पार्टी के संगठन पदाधिकारीयों व सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम करने के लिए बूथवार मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए बूथ लेवल एजेंट (बी.एल.ए.) प्रत्येक बूथ पर पार्टी की तरफ से नियुक्त करने के लिए रणनीति पर विस्तार से विचार किया गया और संगठन पदाधिकारीयों को जनपद की तीनों विधानसभाओं में प्रत्येक बूथ पर बी.एल.ए. की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, मनोज चौधरी, राजपाल शर्मा, बिल्लू प्रधान, संजय डीलर, रामपाल यादव, जितेंद्र सिंह गुर्जर, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

# जमीनी विवाद को लेकर किसान से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में जमीनी विवाद के चलते महिला सहित तीन लोगो ने मारपीट कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया पीड़ित ने थानें पहुंच तहरीर दी है।ढिकोली निवासी सुभाष पुत्र कवर सिंह ने बताया की वह खेत पर कार्य कर रहा था तभी गांव के ही दिनेश, मुनेश, और देशपाल वहा पहुचे जिनसे उनका जमीनी विवाद चल रहा है तीनो ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित ने थानें पहुंच तहरीर दी है।

# वनवास से वापस आने पर श्रीराम का हुआ राजतिलक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** प्राचीन शिव मंदिर स्थित में चल रहे रामलीला मंचन में शुक्रवार रात 14 वर्ष के वनवास से वापस लौटकर अयोध्या आने के बाद भगवान श्रीराम का राजतिलक हुआ। इस दौरान पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे।

श्रीप्रेम मंडल रामलीला कमेटी के तत्वावधान व निदेशक प्रवीण ऊर्फ पप्पन गुप्ता के कुशल निर्देशन में मंचित रामलीला के दौरान दर्शकों ने धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत झांकियों और दृश्यों का आनंद लिया। कलाकारों ने रावण वध के बाद विभीषण के राजतिलक का जीवंत मंचन किया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान के साथ 14 वर्ष के वनवास के बाद वापस अयोध्या लौटने के दृश्य का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम ने हनुमान को पहले अयोध्या भेजा ताकि वे भरत को उनके आगमन का शुभ समाचार दें। जब हनुमान ने भरत को यह सूचना दी, तो समूची अयोध्या आनंद से झूम उठी। श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के अयोध्या पहुंचने पर भरत ने उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात पंडित सत्यनारायण ने विधि-विधान से श्रीराम का राज्याभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि सतप्रकाश वर्मा ने भी श्रीराम का राज्याभिषेक किया और उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर राधा कृष्ण, मोरपंख, शिव-दुर्गा, महिषासुर वध तथा हास्य से भरपूर झांकियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन में कमेटी अध्यक्ष गुलबीर धामा, संयोजक विनय धामा, मोनू वर्मा, रवि भाटिया, सोनू भाटिया, अज्जू शर्मा, रोहित शर्मा, राहुल कश्यप, मास्टर अमित धामा, श्रीपाल प्रधान अधिका सहयोग रहा। अंत में सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# ब्लॉक प्रमुख व अधिकारी पर 6 करोड़ के टेंडर अपने चहेतों को देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली ब्लॉक प्रमुख और अधिकारी अब सवालों के घेरे में हैं। ठेकेदार अतुल चौधरी ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल से शिकायत करते हुए उन पर 6 करोड़ रुपये के टेंडर में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है।

ठेकेदार अतुल चौधरी का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख और अधिकारियों ने 6 करोड़ रुपये के टेंडर अपने चुनिंदा पांच ठेकेदारों को दे दिए हैं। यह सभी कार्य निर्धारित सरकारी दिशा निर्देशों से हटकर किए जा रहे हैं। चौधरी ने बताया कि जब पहली टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी, तो उसकी जानकारी किसी भी ठेकेदार को नहीं दी गई थी। पहली प्रक्रिया में करीब 100 ठेकेदारों ने भाग लिया था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया। दोबारा शुरू की गई टेंडर प्रक्रिया में बाहरी ठेकेदारों को मौका देने से इनकार कर दिया गया, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग में पंजीकृत कोई भी ठेकेदार भाग ले सकता है। ठेकेदार अतुल चौधरी ने अधिकारियों और छपरौली ब्लॉक प्रमुख को कटघरे में खड़ा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इस पूरे मामले में जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि पूरी टेंडर प्रक्रिया नियमों के तहत ही संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आएगी, उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# गलियों में जमा गंदे पानी से ग्रामीण पेरशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिरसलगढ में गली के पानी निकासी की समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गली में महीनों से पानी व गंदगी जमा होने के कारण दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है।

ग्राम वासियों ने समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। गली में पानी भरने से लोगों के घरों तक गंदा पानी पहुँच जाता है जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। गांव के लोगों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि गली के पानी की निकासी हेतु 500 मीटर दूरी पर स्थित नाले से गली को जोड़ा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो स्वास्थ्य संबंधी खतरे और भी बढ़ सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण कराने की अपील की है। इस दौरान मोहित कश्यप, सुरेश कश्यप आदि मौजूद रहे।



# बागपत पुलिस पर नहीं होता अधिकारियों के आदेशों का असर:धामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने डीएम से शिकायत की है कि उनके दो सदस्यों द्वारा खरीदी गई जमीन पर भूमाफिया ने जबरन कब्जा कर लिया है।

कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए अपनी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। यह शिकायत बागपत तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान की गई। इस अवसर पर डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज राय ने जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। भाकियू कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके सदस्य गौरव और फिरोज ने लगभग एक बीघा जमीन खरीदी थी। जब वे अपनी जमीन पर कब्जा करने जाते हैं, तो भूमाफिया उन्हें रोकते हैं और धमकियां देते हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। राजस्व विभाग की टीम ने सभी कागजात की जांच करने के बाद पुलिस को कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे, लेकिन अभी तक उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया गया है। उन्होंने बागपत पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। डीएम ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रदीप धामा, भीम, गौरव आदि मौजूद रहे।



# निःशुल्क नेत्र शिविर में की 400 मरीजों की आंखों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में वरदान सेवा संस्थान गाज़ियाबाद के साथ आंखों का कैम्प आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ डा.अनुराग वार्ष्णेय सीएमएस बागपत, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, विजय शंकर वर्धन ट्रस्टी वरदान सेवा संस्थान तथा प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

स्कूल की छात्राओं ने डॉक्टरों की टीम का तिलक लगा कर स्वागत किया। कैम्प में कुशल एवं प्रशिक्षित डॉक्टर्स की टीम द्वारा 280 विधार्थियों तथा 120 क्षेत्रवासियों ने अपनी आंखें चैक करवायी। डॉक्टर्स आंखों को चौक करने के बाद आवश्यक दवाएं भी मुफ्त वितरित कर रहे थे। कैम्प में चार मोतियाबिंद के मरीजों को वरदान सेवा संस्थान गाज़ियाबाद में ऑपरेशन के लिए ले जाया गया जिनको मुफ्त लेंस लगवाकर कल स्कूल में वापस परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश पाल सिंह ब्लॉक प्रमुख, माधवी शर्मा, सुरेखा तोमर, संजय शर्मा, सचिन पंवार, सौरभ दुहूण, नीतू चौधरी, सरिता रानी, हिमांशु पंवार, नेहा गोस्वामी, शालिनी, अंशु, प्रीति दहिया, अंजलि शर्मा, स्नेहा शर्मा, जानवी शर्मा आदि मौजूद रहे।



# स्कूलों में पहुंचेगा बोर्ड गेम, जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बच्चों के साथ होने वाला यौन उत्पीड़न एक ऐसा अपराध है, जो न केवल उनकी मासूमियत छीन लेता है बल्कि लंबे समय तक उनके मनोविज्ञान पर गहरा असर डालता है। आंकड़े बताते हैं कि ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में अदालतें जहां त्वरित न्याय के लिए सक्रिय हैं, वहीं प्रशासन भी बच्चों को जागरूक करने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सचेत करने के नए-नए रास्ते तलाश रहा है। इसी दिशा में जिलाधिकारी ने आज एक अनूठी पहल की है जो जनपद में पहली बार की जा रही है। बागपत विकास खंड के हमीदाबाद गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जानो, खेलो और जीतो नामक बोर्ड गेम लॉन्च किया है जो एक सांप-सीढ़ी का खेल है जिसके प्रत्येक दांव और पड़ाव पर बच्चें जागरुक और शिक्षित होंगे। सांप-सीढ़ी का खेल ऐसा है जिसे हम सभी ने बचपन में जरूर खेला है लेकिन अब इसे बच्चों को खेल-खेल में यौन उत्पीड़न से बचाव, आत्मरक्षा और कानूनी जानकारी देने का सरल और प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाया गया है। इस दौरान विद्यालय में उपस्थित बच्चों को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मार्गदर्शन करते हुए यह खेल सिखाया। खेल खेल में सामान्य ज्ञान, शिक्षा अधिनियम, जन सूचना अधिकार अधिनियम, पक्क्सो एक्ट, बाल अधिकार संबंधित विषयों का विद्यार्थियों को प्रश्न उत्तर के माध्यम से बोध कराया। इस दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए चॉकलेट एवं अन्य उपहार आदि देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मीलीभगत से किया जा रहा है प्रतिबंधित पेड़ों का कटान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र मे मीलीभगत से किया जा रहा है प्रतिबंधित पेडो का कटान क्षेत्रवासियो मे रोष मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र मे पास के जिले से बाईक पर सवार होकर लोग वाते है और छपरौली क्षेत्र से हरे पेड वह प्रतिबंधित पेडो को काट कर टैकटर ट्राली मे भर कर ले जाते है।

बिना किसी डर भय के जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कुछ लोग इन वन माफियो के साथ मिले हुए है जो इनकी इस अवैध कार्य मे मदद करते है लेकिन वन विभाग आखे बन्द करे बैठा है और जोरो सोरो से क्षेत्र मे प्रतिबंधित पेडो का कटान हो रहा है। क्षेत्र की पुलिस भी इन पर मेहरबान बनी हुई है। पुलिस के द्वारा भी इनपर कोई कार्रवाई होती हुई फिलहाल नजर नही आ रही है, जिससे यह महसूस हो रहा है कि यह कार्य बडी साठगांठ के साठ किया जा रहा है।

क्षेत्र में कई बड़े शीशम के वृक्षों का अवैध रूप से कटान किए जाने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कार्य बिना किसी अनुमति और लाइसेंस के किया गया है। शीशम एक संरक्षित प्रजाति का वृक्ष है, और इसका अवैध कटान न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि यह कानूनन अपराध भी है।

# बच्चों के भोजन और पोषण से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विकासखंड बागपत के ग्राम हमीदाबाद उर्फ नया गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में व्यवस्थाओं को लेकर कई खामियां सामने आईं, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 221 छात्र-छात्राओं में से 184 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए, जिनमें बालिकाएं 112 और बालक 109 थे। विद्यालय में इस समय 7 सहायक अध्यापक एवं 1 शिक्षामित्र कार्यरत है। डीएम ने सबसे पहले विद्यालय परिसर में उखड़े खड़ंजे को देखकर नाराजगी जाहिर की और कहा कि विद्यालय में बच्चों के आने-जाने के रास्ते को सुरक्षित एवं सुगम बनाना प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और शौचालयों, हैंडवॉश यूनिट तथा पेयजल व्यवस्था की जांच की। डीएम ने उपस्थिति पंजिका का मिलान कर शिक्षकों की उपस्थिति भी जांची। साथ ही जिलाधिकारी ने मिड-डे मील की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया जिसमें आज चावल और आलू की सब्जी बनाई गई थी। जिलाधिकारी ने भोजन का स्वाद चखा, स्वच्छता व पोषण मानकों को परखा और बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रसोईघर की स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था तथा पोषण मानकों की समीक्षा की और सख्त लहजे में कहा कि बच्चों के भोजन और पोषण से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने कक्षा-कक्षों का निरीक्षण करते हुए बच्चों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पाठयपुस्तकों, गणना, पठन-पाठन व सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्न पूछे और शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की कुंजी है और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहाँ वे निर्भीक होकर सीख सकें। इस मौके पर बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फैसल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

शाहिद पुत्र रियाजदीन निवासी कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र धनप्रकाश व पुत्रवधू मोनिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राजसिंह पुत्र रूप्पन निवासी ग्राम लूम्ब थाना छपरौली जनपद बागपत।

# खिर्वा रोड पर सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

## कचहरी से लौट रहे अजहर को कार ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कंकरखेड़ा खिर्वा रोड पर कार की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सरधना नगर के मोहल्ला बेरून सराय निवासी अजहर उजमा खान पुत्र तौसीफ उजमा खान शुक्रवार शाम मेरठ कचहरी से लौट रहे थे। कंकरखेड़ा खिर्वा बाईपास पर ग्रैंड ओपेरा रिजॉर्ट के सामने तेज गति की कार पीछे से आई और अजहर को रौंदकर भाग गई। घायल अवस्था में बड़े अजहर को मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर रविवार को गंभीर हालत के चलते दिल्ली रेफर कर दिया गया। दिल्ली ले जाते समय रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने इस मामले में कंकरखेड़ा थाना पुलिस को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भिजवा दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ऑटो-कार की भिड़ंत में महिला की मौत

■ युवक सहित चार महिलाएं हुई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** हापुड़ मार्ग पर शनिवार दोपहर एक बजे एक स्विफ्ट कार और ऑटो में टक्कर हो गई। इस हादसे में शाहजमाल निवासी 50 वर्षीय शकीला पत्नी शौकीन की मौत हो गई, जबकि एक युवक सहित चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, शकीला अपनी दो बेटियों अर्शी और मुस्कान



शाहजमाल, किठौर निवासी के साथ अपने मायके घुंगराला, हापुड़ से शाहजमाल लौट रही थीं। ऑटो में उनके साथ अजराड़ा निवासी साबिया पुत्री माजिद और सरावनी, बाबूगढ़ हापुड़ निवासी नदीम पुत्र अफजाल भी थे। किठौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एनसीआर हॉस्पिटल खरखौदा लालपुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शकीला की मृत्यु हो गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# हमलावरों की गिरफ्तारी की एसएसपी से मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में 26 सितंबर को शिक्षक अमित त्यागी पर गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर त्यागी, ब्राह्मण व भूमिहार समाज के समाजसेवियों ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

भारतीय किसान आंदोलन के अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने कहा कि शिक्षक पर हमला समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए, अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान लोगों में आक्रोश देखने को मिला।

# कमिश्नरी चौराहे पर बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर

**मेरठ।** शनिवार को कमिश्नरी चौराहे पर बाइक सवार युवक ने रास्ते में जा रही महिला अनीता को टक्कर मार दी। अनीता को मामूली चोट आई है। लोगों ने महिला को उठाकर एक साइड बैठाया। बाइक सवार अपनी बाइक को लेकर मेरठ कॉलेज की तरफ भाग गया। महिला कचहरी किसी काम से आई थी।

# रवीना टंडन और राशा थडानी ने किया डेब्यू रिलायंस ज्वेल्स के नए कलेक्शन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस दिवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है। लॉन्च के अवसर पर गायत्री यादव, ग्रुप सीएमओ, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ने कहा, हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियां बदलती हैं और कई बार पुराने डिजाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते। जहां कालातीत परंपराओं और आधुनिक पसंद का खूबसूरत संगम है। रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा के इस अभियान के चेहरे के रूप में, हम उपभोक्ताओं की दो पीढ़ियों से जुड़ते हैं।

# जेब काटते युवक को महिलाओं ने दबोचा

बेगमपुल पर महिलाओं ने जेब काटते युवक को दबोच लिया। इस दौरान आरोपी महिलाओं से हाथ छुड़ाकर भाग गया। व्यापारियों का कहना है कि यह गिरोह बाजारों में सक्रिय है।

# 122 शिकायतो में मात्र 9 का निस्तारण

## तहसील मवाना के समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगो की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 122 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 9 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।



तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत एवं विकसित उ.प्र. का संकल्प जो हमारी सरकार द्वारा लिया गया है उसमें सभी नागरिको को सहभागी बनना है। इसके लिए सरकार द्वारा समर्थ उ.प्र. विकसित उ.प्र. अभियान के अंतर्गत नागरिको के सुझाव प्राप्त करने हेतु ई-मेल आईडी व क्यूआर कोड दिया गया है जिस पर आमजन ई-मेल के माध्यम से व क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने सुझाव दर्ज कर समर्थ उ.प्र. विकसित उ.प्र. अभियान में सहभागी बनें। समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 122 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 9 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ आदि रहे।

## रसुलपुर धौलडी में शादी विवाह करना हुआ आसान

# आर.ए गार्डन बैक्विट हॉल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी मीरपुर जखेडा मार्ग पर अब शादी विवाह करना आसान हो गया है क्योंकि दो दिन पहले ही गांव वासियों व क्षेत्र वासियों को आर ऐ गार्डन जेसे बैंक्विट हॉल शुभारंभ भवी के प्रधान योगेंद्र भवी ने अपने पिता आसाराम शर्मा और अपनी माता जी उर्मिला व उनके परिवार वालों ने फीता काटकर शुभारंभ किया।



जिसमें बैंकट हॉल का शुभारंभ होते ही सभी ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों के चेहरे खिल उठे। वहीं पिछले कई सालों से योगेंद्र प्रधान रसूलपुर धौलडी वासियों व क्षेत्र वासियों को आर ऐ गार्डन में काफी मेहनत कर रहे थे और शादी विवाह या कोई भी प्रोग्राम करना हो अब किसी व्यक्ति को शहर जाना नहीं पड़ेगा क्योंकि आर ऐ गार्डन में हर चीज की सुविधा शहर जैसी ही मिलेगी। वहीं ग्राम वासियों ने कहा कि आर ए गार्डन खुलने से क्षेत्र वासियों व गांव वासियों को अब कोई भी परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर योगेंद्र प्रधान, नरेंद्र गुर्जर, तरीकत प्रधान, योगेंद्र कुसैढी, गुलाब प्रधान, भुरा कुरैशी व क्षेत्र व ग्रामीण बैंकट हॉल के शुभारंभ में उपस्थित रहे।

# रालोद के 11 अक्टूबर के कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रालोद की 11 अक्टूबर को होने वाले मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मेरठ मंडल के छह जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में भारत रत्न किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा सदस्यता अभियान के माध्यम से लोगों को जोड़ने का संकल्प लेंगे। बैठक के दौरान मुख्य रूप से बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, नरेंद्र खजूरी, रणवीर दहिया, जिला अध्यक्ष मतलूब गौड आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शरीफ साहब पत्रकारों को तो बख्श दो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पीओके के आंदोलन की कवरेज कर रहे पत्रकारों को पाकिस्तान के एक प्रेस क्लब में पुलिस ने बेरहमी से पीटाई की। इस पीटाई का आदेश देने से पहले पाकिस्तान के हुकुमरान यह भूल गये कि कुछ ही माह पहले भारत के ऑपरेशन सिंदुर को पाकिस्तानी मीडिया ने फ्लॉप दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। वहां उनकी राष्ट्र भक्ति थी। इसी प्रकार पाक अधिकृत कश्मीर के आंदोलन को दिखाना भी उनकी एक नैतिक जिम्मेदारी है। जिसे वह निभा रहे हैं। ऐसा शायद ही दुनिया के किसी देश में हुआ हो कि वहा के पत्रकारों को प्रेस क्लब में बंद करके पीटा गया हो।

# पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में दर्जनों ने ली समाजवादी पार्टी की सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित सपा कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता धर्मवीर यादव ने एवं संचालन जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मेहनत के साथ अपनी बूथ कमेटी और बीएलए बनाएं अथवा 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करें। इस मौके पर बसपा और रालोद के दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने सपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें विपुल गुप्ता, कवरजीत चौधरी, विकास दीप, अविनाश कुमार चौधरी व अन्य रहें। महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने कहा दक्षिण विधानसभा में हमने लगभग तैयार कर लिए हैं और अन्य कार्यकर्ता भी बूथ कमेटी पर जोर दें। इस दौरान मृदुला यादव, शशिकांत गौतम, अजय अधाना आदि मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या हिमानी ने मवाना व फलावदा थाने में किया मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल ने मवाना व फलावदा थाने में मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही लोक कल्याण कारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि महिला बिना डरे अपनी बात खुलकर बताएं, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग उनके साथ 24 घंटे कदम से कदम मिलाकर खड़ा है। उन्होंने महिलाओं को अपना फोन नम्बर भी दिया है।



महिलाओ को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के टोल फ्री नम्बर के बारें में बताया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से खुशबू शर्मा ने महिला हेल्पलाइन की जानकारी के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आशा और आंगनबाड़ी बहनो की समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र कुमार तहसीलदार न्यायिक मवाना, इंस्पेक्टर मवाना पूनम जादौन, सब इंस्पेक्टर रेनू रानी, सब इंस्पेक्टर प्रीति पाल, महिला कांस्टेबल दामिनी अग्रवाल, महिला कांस्टेबल सीमा, महिला कांस्टेबल राखी महिला कांस्टेबल निशा, महिला कांस्टेबल मीनाक्षी रौनक और आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# डाक्टर जुबीन व तीन अज्ञात पर हथियारों के प्रदर्शन की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर निवासी क्लीनिक संचालक डॉ. जुबीन और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया पर हथियारों संग कथित तस्वीरें वायरल होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, डॉ. जुबीन का कहना है कि ये तस्वीरें वर्ष 2016 की पुरानी हैं, जिन्हें राजनीतिक साजिश के तहत वायरल कर उनके खिलाफ कार्रवाई कराई गई है। उनका कहना है कि उस समय वह दोस्तों के साथ अपने फार्म हाउस पर गए थे फोटो में एक छर्रे वाली एयर गन मेरे पास है।

### कानूनी विशेषज्ञों की राय

एक वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना है कि किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज करने का आधार ठोस साक्ष्य होना चाहिए, न कि संदिग्ध या वर्षों पुरानी तस्वीरें। यदि तस्वीरों में दिख रहे हथियार लाइसेंसी या नकली जैसे लाइटर गन हैं, तो यह गंभीर अपराध की श्रेणी में नहीं आता। केवल सोशल मीडिया पर वायरल फोटो और मीडिया ट्रायल के आधार पर मुकदमा दर्ज करना न्याय संगत नहीं है।

### डॉ. जुबीन के तर्क

डॉ. जुबीन ने कहा, मेरे खिलाफ यह कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। ये तस्वीरें करीब नौ साल पुरानी हैं, जिन्हें अब विरोधियों ने वायरल कर मेरी साख खराब करने की कोशिश की है। फोटो में दिखाई देने वाली गन असल में लाइटर गन है, जिसे हथियार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। वहीं, दूसरी तस्वीर में जो डबल बैरल बंदूक नजर आ रही है, वह लाइसेंसी धारक की है। पुलिस यदि निष्पक्ष जांच करे तो सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे और मेरे परिवार को अनावश्यक रूप से बदनाम करने का प्रयास हो रहा है।

### स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया

इलाके के कई लोगों और मरीजों का कहना है कि डॉ. जुबीन एक समाजसेवी के तौर पर पहचाने जाते हैं। गरीबों का मुफ्त इलाज करना उनकी आदत है। ऐसे व्यक्ति को इस तरह के विवाद में घसीटना राजनीति से प्रेरित कदम ही माना जाएगा।

### यह बोले इंस्पेक्टर क्राइम

इस मामले में इंस्पेक्टर क्राइम किठौर का कहना है कि एक नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है, जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# अमेजन फ्रेश का 270 से अधिक शहरों में हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन इंडिया ने जारी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान अमेजन अमेजन फ्रेश का भारत में 270 से अधिक शहरों में विस्तार को देश भर के 270 से अधिक शहरों में विस्तार करने की घोषणा की। यह मील का पत्थर अमेजन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह ताजे फल और सब्जियां, किराने का सामान, घरेलू आवश्यकताएं और क्षेत्रीय पसंदीदा उत्पाद लाखों ग्राहकों तक भारत में उपलब्ध कराने के लिए प्रयास रत है। नए शामिल किए गए शहरों में उत्तर भारत में गोरखपुर, देहरादून, जालंधर और जिरकपुरय दक्षिण भारत में कोयंबटूर, नेल्लोर, हसन, कोडागु, वारंगल, विजयनगरम, वेल्लोर, तिरुपति, कोटायम, कोल्लम और हुबलीय पूर्व भारत में जमशेदपुर, आसनसोल और दुर्गापुर शहर शामिल हैं।

# 22 साल पुराने तोड़फोड़ के मामले में राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर हुए दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय में 22 साल पुराने तोड़फोड़ मामले में एसीजेएम एमपीएमएलए नदीम अनवर की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर सहित छह आरोपियों को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। यह घटना 2003 में विवि के बीएड विभाग में हुई थी।



दोषमुक्त किए गए आरोपियों में तत्कालीन छात्र नेता सोमेंद्र तोमर, कृष्ण, राहुल त्यागी, अरुण कुमार, विशाल सारस्वत और ईश्वर चंद सागर शामिल हैं। 14 अगस्त 2003 को यह घटना तब हुई थी जब कुछ छात्र अंकतालिका के संबंध में बात करने के लिए बीएड विभाग में शिक्षकों से मिले थे। विवाद बढ़ने पर छात्रों ने सरियों और डंडों से विभाग के दरवाजे और शीशे तोड़ दिए थे। इस घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय में आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ने केस को झूठा बताते हुए अपनी दलीलें पेश कीं। दोनों पक्षों की सुनवाई और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया।

# जानी पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

■ बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चला रहे लोगों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को जानी थाना प्रभारी महेश सिंह राठौर के नेतृत्व में जानी क्षेत्र के भोला झाल चौकी जानी नहर पुल बागपत बायपास पर चेकिंग अभियान चलाया जिससे क्षेत्र में खलबली मच गई दो पहिया वाहन पर चार सवारी के काटे चालान और बिना हेलमेट के कर रहे थे सवारी पुलिस को देख कई बाइक सवारों ने बाइक दौड़ा दी जिसमें पुलिस ने बाईक सवारों को पकड़ लिया और चालान काटे वहीं जानी थाना प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को हिदायत दी कि बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट के वाहन न चलाएं।



# फौजी पर फायरिंग करने वाले आरोपी के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार की देर रात को थाना क्षेत्र के गांव कुराली में कार सवार बदमाशों ने एक फौजी पर फायरिंग कर दी थी तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाश की लेकिन वह फरार हो गए थे सूत्रों के मुताबिक विपिन पुत्र वीरेंद्र सेना में तैनात है और उसकी डयूटी जम्मू कश्मीर में चल रही है और वह छुट्टी पर आया हुआ था शुक्रवार की देर रात को करीब 9:30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी कुछ कर सवार बदमाशों ने उसे पर फायरिंग कर दी पुलिस ने आरोपी की तलाश की लेकिन कोई पता ना चला वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# भूमिया माता के मंदिर का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के गडीना जूड़ मार्ग पर स्थित करीब ढाई बीघा जमीन में भूमिया माता का मंदिर पिछले कई वर्षों से बदहाल हो गया था। करीब 50 वर्ष बीतने के बाद पहली बार इसके जीर्णोद्धार का शनिवार को वंदन योजना के अंतर्गत चेयरमैन अशोक कुमार सैनी द्वारा गोरखपुर के प्रसिद्ध पंडित अभिनंदन दुबे ने भूमि पूजन पूजा अर्चना करके निर्माण कार्य का चेयरमैन ने शुभारम्भ कराया।



चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने बताया कि शासन द्वारा नगर पंचायत फलावदा को भूमिया माता मन्दिर के जीर्णोद्वार हेतु अनुमानित लागत अंकन एक करोड़ 35 लाख रूपये का बजट पास हुआ है। इसकी प्रथम किश्त के रूप 34 लाख 55 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासन से स्वीकृत धनराशि से शनिवार को भूमिया माता मन्दिर के जीर्णोद्वार का कार्य आरम्भ करा दिया गया है। चेयरमैन ने यह भी बताया कि वंदन योजना के अन्तर्गत शुरू भूमिया माता मन्दिर पर हाल का निर्माण कार्य, चारों तरफ बाउंड्री, मेन चबूतरे, परिसर में इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य, मल्टीपल हैण्ड, एण्ड फुट वाश निर्माण कार्य व स्ट्रीट लाईट विद्युत पोल अधिष्ठापन कार्य व अन्य कार्य कराये जायेगें। इस मौके पर धर्म जागरण के प्रांतीय प्रमुख प्रदीप कुमार विश्नोई, नगर पंचायत के लिपिक फहीम अहमद, वार्ड की सभासद रविता सैनी, भाजपा नेता रविन्द्र सैनी, सुरेन्द्र सैनी, विवेक कुमार सैनी, विकास पाल बजरंगी, यशपाल विश्नोई, बुद्व सिंह सैनी, दाताराम सैनी, हरशरण जाटव, सुरेश सैनी, भास्कर अग्रवाल, मनोज जाटव, कंव. रपाल, महत घसीटा नाथ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 77 साल का हिसाब चुकता किया ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट

## ● जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से पीटा

**अहमदाबाद, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (नाबाद 104 रन/ चार विकेट) और मोहम्मद सिराज (तीन विकेट) के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को 146 रनों के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और140 रनों से जीत लिया। जडेजा को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

वेस्टइंडीज का एक और आसान समर्पण, जो दोनों पारियों में सिर्फ़ 89.2 ओवर ही खेल पाया - यह दर्शाता है कि टेस्ट क्रिकेट में वे कितने कमज़ोर हैं। भारत ने दिन की शुरुआत 286 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित करके की, और मोहम्मद सिराज को शुरुआती बढ़त बनाने में ज्यादा समय नहीं लगा, जिसमें नीतीश रेड्डी का एक शानदार कैच शामिल था, जिससे तेज नारायण चंद्रपॉल आउट हो गए। इसके बाद, रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और अनिश्चित बल्लेबाज़ी क्रम को अपने घेरे में ले लिया और मेहमान टीम का स्कोर 46/5 कर दिया। अथानाज़े और ग्रीव्स के बीच थोड़ी देर की साझेदारी हुई, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने सिराज के एक ही ओवर में दो विकेट चटकाने से पहले ही पारी को तोड़ दिया। जडेजा और कुलदीप यादव ने पुछल्ले बल्लेबाज़ों को आउट करके एक व्यापक जीत दर्ज की और भारत को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। वेस्ट इंडीज ने भारत में पिछले पांचों टेस्ट हारे हैं जिनमें से चार में उसे पारी की हार और एक में 10 विकेट से पराजय मिली है। इनमें से कोई भी टेस्ट तीन दिन से ज्यादा नहीं जा पाया है। भारत की विंडीज के खिलाफ यह आठवीं पारी से जीत है। भारत ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 के स्कोर पर आज पारी घोषित कर 286 की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को आठवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसे बाद 11वें ओवर में जडेजा ने जॉन कैंपबेल (14) को अपना शिकार बना लिया। ब्रैंडन किग (पांच) और कप्तान शाई होप (एक) को भी जडेजा ने अपना शिकार बनाया। जमने का प्रयास कर रहे ऐलेक (38) को वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जस्टिन ग्रीव्स (25), जोमेल (शून्य) को सिराज ने आउट किया। 42वें ओवर में जडेजा ने जोहान लेन (14) को आउटकर विंडीज को नौवां झटका दिया। 46वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप ने जेडन (22) को आउटकर 146 रन के स्कोर पर विंडीज की दूसरी पारी का अंत कर दिया।

# मैंने अपनी बैटिंग पर कड़ी मेहनत की: जडेजा



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत की वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी और 140 रन की शानदार जीत में अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने रवींद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत की। मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां, मैं अपनी बल्लेबाज़ी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। हमें दो महीने का

**● मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले रवींद्र जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां मैं अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं**

ब्रेक मिला था, कोई टेस्ट क्रिकेट या वनडे मैच नहीं था। मैं अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा था और मैं बैंगलोर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गया, वहां अपने कौशल और फिटनेस पर काम किया। उन्होंने कहा कि 'कुछ साल पहले मैं आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करता था, लेकिन अब मुझे छठे नंबर पर जगह मिल गई है। मेरे पास खुद को तैयार करने का समय है और मैं अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है, मुझे बेवजह जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है। मैं मैदान पर जा सकता हूं, अपना समय ले सकता हूं और अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे लाल मिट्टी की पिचों पर खेलना हमेशा पसंद है। यह मज़ेदार होता है क्योंकि एक स्पिनर के तौर पर आपको ज्यादा टर्न और बाउंस मिलता है। इसलिए, एक स्पिनर के तौर पर आप हमेशा यही चाहते हैं। जडेजा ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इसका आनंद ले रहा था और जैसे ही मुझे पता चला कि हम लाल मिट्टी पर खेल रहे हैं, मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए ठीक रहेगा। अगर विकेट सपाट है, तो आप रन बना सकते हैं। अगर गेंद टर्न ले रही है, तो आप लाल मिट्टी पर गेंदबाजी का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'ज़ाहिर है मैं कोच, कप्तान, प्रबंधन और चयनकर्ताओं का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा क्योंकि एक उप-कप्तान होने के नाते आप हमेशा टीम के एक खास सदस्य के रूप में मौजूद रहते हैं और यह सम्मान मुझे हमेशा खुशी देता है।


### संक्षिप्त खेल समाचार

## चोटिल फ्लोरा डेवोनशायर महिला विश्व कप से बाहर

**गुवाहाटी, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर हाथ की चोट के कारण भारत और श्रीलंका में चल रहे महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया गया है। डेवोनशायर को प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें ठीक होने में दो से तीन हफ्ते लगने की उम्मीद है। वाली रोवे इससे पहले दो एकदिवसीय विश्व कप खेल चुकी हैं और 60 एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं।

# यह हमारे लिए एक परफेक्ट मैच था: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वेस्ट इंडीज से पहला टेस्ट शनिवार को पारी और 140 रन से जीतने के बाद इसे परफेक्ट जीत करार दिया। गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लगातार छह टॉस हार चुका हूं लेकिन जब तक हम मैच जीत रहे हैं तब तक यह अधिक मायने नहीं रखता। यह हमारे लिए एक परफ़ेक्ट मुक़ाबला था, तीन शतकवीर थे और हमने फ़ील्ड में भी अच्छा प्रदर्शन किया और मैं प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। हमें (गिल और जायसवाल) अच्छा स्टार्ट मिला था लेकिन हम इसे भुना नहीं पाए। हमारे पास काफ़ी स्पिन विकल्प हैं और यह विकल्प न होने से बेहतर स्थिति है। मैंने काफ़ी कुछ सीखा है और बीते वर्षों में जिस तरह से हम



कठिन परिस्थितियों से उबरे हैं वह सुखद था। वेस्टइंडीज के कप्तान रॉस्टन चेज ने हार के बाद कहा कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने के बाद 160 के स्कोर पर सिमट जाना निराशा. जनक था और फिर उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। हमारी ओर से यह एक ऐसा प्रदर्शन था

## गिल बने नए वनडे कप्तान, रोहित-कोहली टीम में

**मुंबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफ़ी फ़ाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी-20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी-20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यवहा. रिक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप अभी दो वर्ष दूर है लेकिन इस बीच भारत कितने वनडे खेलेगा यह स्पष्ट नहीं है इसलिए नए कप्तान के पास पर्याप्त समय होना चाहिए। आगरकर ने कहा कि सिर्फ़ चयनकर्ताओं के लिए ही नहीं कोच के लिए तीन अलग-अलग लोगों के साथ काम करना आसान नहीं रहता। जडेजा के वनडे टीम में शामिल नहीं होने पर आगरकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अधिक वनडे नहीं खेलने थे इसलिए वहां की परिस्थितियों के लिहाज से टीम में अधिक स्पिनरों की जरूरत नहीं थी। बुमराह और हार्दिक को लेकर आगरकर ने कहा कि उनके वर्कलोड को देखते हुए उन्हें वनडे टीम से आराम दिया गया है। हार्दिक इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फ़िट नहीं थे। एक हफ्ते में वह सीओई में जुड़ेंगे और रिकवरी शुरू करेंगे तब हमें उनको लेकर स्पष्टता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में भारत को तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी जो कि 19 अक्तूबर से शुरू होगा और 25 अक्तूबर को वनडे सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टी-20 सीरीज का



आग़ाज 29 अक्तूबर को होगा और आठ नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की वनडे टीम गिल (कप्तान), जायसवाल, रोहित, विराट, अय्यर (उपकप्तान), अक्षर , के एल राहुल, नीतीश वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप, हर्षित, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप, प्रसिद्ध , ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

भारत की टी-20 टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुम. राह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू आदि।

## वरिष्ठ फुटबॉल प्रशासक एन के भाटिया का निधन

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल दिल्ली (डीएसए) के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व सचिव एन-के- भाटिया का निधन हो गया है। भाटिया के निधन से डीएसए ने अपने सबसे ईमानदार और जुझारू सेवक को खो दिया है। अर्थात उनके जाने से फुटबाल और मीडिया के बीच का पुल ढह गया है। दिल्ली में फुटबॉल के क्षेत्र में उनका योगदान सचमुच अतुलनीय था। 1970 के दशक से फुटबॉल में सक्रिय, भाटिया ने फुटबॉल एसोसिएशन के मानद सचिव व कोषाध्यक्ष सहित अनेक पदों पर कार्य किया और एआईएफएफ की स्थायी समितियों में विभिन्न पदों पर रहे। उनके नेतृत्व में, दिल्ली ने कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं की सफलता पूर्वक मेजबानी की। नरेन्द्र भाटिया, जिन्हें उनके दोस्त 'स्वीटी' नाम से बुलाते थे सचमुच बेहद स्वीट इंसान थे, जिन्हें गुस्सा कभी आता ही नहीं था।

# 'हैंडशेक विवाद' के बीच भारतीय महिला टीम की नजरें पाकिस्तान पर 12वीं जीत पर



**● कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी सीधे बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंगरूम सिर्फ प्रदर्शन की बात करता है प्रोटोकॉल की नहीं**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कभी भी सिर्फ़ एक मैच नहीं होता, और जब महिला विश्व कप कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा, तो दांव रनों और विकेटों से कहीं आगे जाने का वादा करता है। रिकॉर्ड के लिए, भारतीय महिला टीम ने इस प्रतिद्वंद्विता पर एक सुगठित ऑर्केस्ट्रा की तरह कब्ज़ा जमाया है - ग्यारह मैच, ग्यारह जीत, और आखिरी मैच 2022 विश्व कप में 107 रनों से करारी हार।

दीप्ति शर्मा की ऑलराउंड कला और अमनजोत कौर के साहसिक अर्धशतक की बदौलत, अपने पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 59 रनों से हराने के बाद, लय फिर से उनके साथ है। फिर भी, भारत- पाकिस्तान के मामले में हमेशा की तरह, इसका निहितार्थ क्रिकेट जितना ही दिलचस्प है। पुरुष टीम को परेशान करने वाला हाथ मिलाने का विवाद अब महिला टीम पर भी हावी हो गया है। इस बारे में पूछे जाने पर, दीप्ति शर्मा ने एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज़ की तरह शांत भाव से इस सवाल का जवाब दिया कि जब मौका आएगा तब देखेंगे। कप्तान ने अपनी सीधी बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम सिर्फ़ प्रदर्शन की बात करता है, प्रोटोकॉल की नहीं। हालांकि, बीसीसीआई ने संकेत दिया है कि हाथ न मिलाने का यह रुख महिला खिलाड़ियों पर भी लागू हो सकता है। और इसलिए, गेंद फेंके जाने से पहले ही अटकलों का बाज़ार गर्म हो जाता है। मैदान पर, भारत एक पूरी टीम नजर आती है। इस साल 936 रन बनाकर अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगी। प्रवाह की तलाश में हरमनप्रीत कौर कोलंबो की रात को रोशन करने की क्षमता रखती हैं, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करती हैं। दीप्ति और स्नेह राणा की अगुवाई में गें. दबाज़ी, जिसमें युवा क्रांति गौड़ अपना जाल बुनने के लिए तैयार हैं, कप्तान कौर को मजबूती और कुशलता प्रदान करती है। दूसरी ओर, पाक बड़े मंच पर अप्रत्याशित मेहमान बना हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ 129 रनों पर सिमटने से उनकी पुरानी कमज़ोरियां उजागर हो गईं। सिदरा का शानदार प्रदर्शन (इस साल 518 रन) और मुनीबा की निरंत. रता ही उम्मीद जगाती है। अगर पा को भारत के दबदबे को चुनौती देनी है, तो सना, अपने आक्रामक ऑलराउंड खेल और बाएं हाथ की स्पिनर नशरा को क्षमता से कहीं ज्यादा प्रदर्शन करना होगा।

# मनीष-वैष्णवी ने एकल खिताब जीते

**● पुरुष एकल फाइनल में मनीष ने दबाव में अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए मुकाबले में सुरेश को 6-4-, 6-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए। पुरुष एकल फाइनल में, मनीष सुरेशकुमार ने दबाव में अपनी निरंतरता और संयम का परिचय देते हुए दो घंटे तक चले मुकाबले में कीर्तिवासन सुरेश को 6-4, 6-2 से हराया।

दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक शुरुआत की और शुरुआती सर्विस ब्रेक के बाद स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनीष ने कीर्तिवासन की सर्विस ब्रेक कर 2-1 की बढ़त बना ली और स्कोर 3-1 कर दिया। कीर्तिवासन ने जोरदार वापसी की और अपनी सर्विस ब्रेक करते हुए 4-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, मनीष ने इसके बाद अपने खेल में सुधार किया और अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस फिर से ब्रेक कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी इसी लय को बरकरार रखते हुए, तमिलनाडु की खिलाड़ी ने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और दमदार रिटर्न के साथ लंबी रैलियां खेलते हुए अपनी लय बरकरार रखी।

उन्होंने 6-2 से सेट जीतकर मैच और पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, वैष्णवी ने महिला एकल फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की और आकांक्षा निट्योर की सर्विस जल्दी ही तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि आकांक्षा ने कुछ देर के लिए वापसी की, लेकिन वैष्णवी ने तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया और सटीक शॉट लगाकर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी वैष्णवी ने अपनी लय बरकरार रखी। दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन वैष्णवी ने आकांक्षा की सर्विस दो बार तोड़कर 5-1 से बढ़त बना ली। आकांक्षा ने एक ब्रेक वापस ले लिया, लेकिन वैष्णवी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और आत्मविश्वास से सर्विस करते हुए 6-1, 6-2 के अंतिम स्कोर के साथ सेट और खिताब अपने नाम कर लिया। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे बड़ी घरेलू टेनिस चैंपियनशिप बनी हुई है, जो देश की शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करती है। अंडर-18 वर्ग में, हर्षिनी एन ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले वाले बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया।

# कियारा ने चौथी बार लंबी कूद में जीता स्वर्ण, भारत की निमिशा को चौथा स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता।** कियारा रोड्रिग्ज को शनिवार को यहां इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की निमिशा चौथे स्थान पर रहीं। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी प्रतियोगिता में कियारा रोड्रिग्ज ने अपने पहले प्रयास में 6.29 मीटर और दूसरे प्रयास में कोई अंक नहीं हासिल करने के बाद चार छलांगें पार कर लीं। उन्होंने डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क को अपने पांचवें प्रयास में 5.84 मीटर की छलांग लगाते हुए रजत पदक हासिल करते हुए देखा। उन्होंने भारत की निमिशा सुरेश चक्कुंगलप रम्बिल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने तीसरे प्रयास में 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। डेनमार्क की खिलाड़ी की बारी थी हंगरी की पेट्रा लुटेरन को लंबी छलांग लगाते देखने की, जो 6.00 मीटर के निशान से सिर्फ़ 2 सेमी कम थी और दूसरे स्थान पर पहुंच गई। निमिषा को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दो मौके मिले, लेकिन वह फ़ाउल और 5.45 मीटर के प्रयास में हार गई। दुर्भाग्य से, भारतीय खिलाड़ी पोडियम से बाहर हो गईं क्योंकि वह अपने आखिरी दो प्रयासों में बेहतर छलांग नहीं लगा पाईं। निमिषा, (महिला डिस्कस थ्रो एफ64) और सात पुरुषों - दिलीप महादु (400 मीटर टी47), हैनी (डिस्कस थ्रो एफ37) आदि।

# विश्वास और जीत का 16 साल का सफर भारत में शुरू और भारत में ही हुआ समाप्त: मार्कस रेहम और स्टेफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में जब मार्कस रेम ने 8-43 मीटर की लंबी छलांग लगाई, तो उन्होंने न सिर्फ अपना लगातार आठवां विश्व खिताब जीता, बल्कि पैरा खेल इतिहास की सबसे यादगार साझेदारियों में से एक का समापन भी किया। इस स्वर्ण पदक के पीछे एक गहरी और सशक्त कहानी थी एथलीट और कोच के बीच का 16 साल पुराना रिश्ता, जो भारत में शुरू हुआ और संयोग से भारत में ही समाप्त हुआ।

सोलह साल पहले, एक दुबला-पतला जर्मन लड़का और उनकी नई कोच पहली बार बैंगलोर के एक खचाखच भरे स्टेडियम में साथ उतरे थे। किशोरावस्था का वह खिलाड़ी अनुभवहीन था, लेकिन जुनून से भरा हुआ। 14 साल की उम्र में वेकबोर्डिंग दुर्घटना में अपना दायां पैर खोने के बाद वह खुद को फिर से खोज रहा था। दूसरी ओर, स्टेफी नेरियस पहले से ही विश्व चैम्पियन थीं। एक ऐसी भाला फेंक खिलाड़ी, जिसने दबाव का भार झेला था और जीत का स्वाद चखा था। रेस के बाद भावनाओं के ओतप्रोत रेम याद करते हैं कि वह प्रतियोगिता भारत में ही हमारी शुरुआत थी। वह हमारी पहली विदेशी प्रतियोगिता थी। मैं घबराया हुआ था, खुद को लेकर असमंजस में था। लेकिन स्टेफी ने मुझे विश्वास दिलाया। वहीं से यह शानदार सफर शुरू हुआ। और अब जब यह भारत में खत्म हो रहा है, तो लगता है मानो जीवन ने यह कहानी खुद लिखी हो। जैसे ही जर्मनी का राष्ट्रगान बजा और उनके गले में पदक डाला गया, रेम ने एक बार फिर अपने हेडबैंड को छुआ। यह छोटा सा इशारा था, लेकिन उनके लिए इसका गहरा अर्थ था। वह कहते हैं, ष्स्टेफी अब अपने वीकेंड और परिवार के साथ समय बिताने की हकदार हैं। मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। रेम के लिए खेल हमेशा पहचान का माध्यम थे। वह याद करते हैं, ष्मैं वही बच्चा था जो तेज दौड़ता था, दूर तक कूदता था, लेकिन हादसे के बाद, एक दिन में ही मैंने सब खो दिया। मानो अपनी पहचान खो दी हो। नेरियस समझती थीं। उनका नजरिया सिर्फ तकनीक या फिटनेस तक सीमित नहीं था। यह उस किशोर की आत्मा को फिर से जगाने के बारे में था, जिसे लगता था कि उसके सपने खत्म हो चुके हैं। प्रशिक्षण सत्रों में उतनी ही बातचीत होती जितनी ड्रिल्स। वह हमेशा उसे याद दिलातीं कि जिस इंसान को वह फिर से पाना चाहता है, वह कहीं गया नहीं है बस उसे दोबारा खो. जने की जरूरत है। नेरियस ने अपने शिष्य के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा कि मैंने रेम और इसने मुझे अलग पहचान दिलाई। मेरा काम सिर्फ इसे रास्ता दिखाना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। उनकी उपलब्धियों का रिकॉर्ड केवल कहानी का एक हिस्सा है। जब रेम ने शुरुआत की थी, तो कृत्रिम पैर वाले खिलाड़ियों का लंबी कूद विश्व रिकॉर्ड 7 मीटर से भी कम था। नेरियस की कोचिंग में उन्होंने हर दीवार तोड़ दी। पहले 7 मीटर, फिर 7.50, फिर 8 मीटर का जादुई आंकड़ा, और आखिरकार 2023 में 8.72 मीटर की चौंकाने वाली छलांग जो सक्षम खिलाड़ियों को भी चुनौती देती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

**यूजीलैंड, वार्ता।** शॉन ऐबट (तीन विकेट), जॉश हेजलवुड और जेवियर बार्टलेट (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श (नाबाद 103) के विस्फोटक प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 12 गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (आठ) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने जेकब डफी ने आउट किया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे मिचेल मार्श को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया को कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। हालांकि इस दौरान मिचेल मार्श एक छोर थामे विस्फोटक बल्लेबाजी करते रहे। मैथ्यू शॉर्ट (सात), टिम डेविड (तीन), एलेक्स कैरी (एक) और मार्कस स्टॉयनिस (दो) को जिमी नीशम ने आउट किया। जेवियर बार्टलेट (एक) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। मिचेल मार्श (नाबाद 103) की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 18 ओवर में सात विकेट पर 160 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। मिचेल मार्श ने 56 गेंदे खेलते हुए अपनी पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाये।

# ट्रम्प चौथी बार फंडिंग बिल पास कराने में फेल

## अमेरिका में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी, डेमोक्रेट्स समर्थन देने को राजी नहीं हो रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए। इस वजह से देश में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। वोटिंग के बाद विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसद हाल छोड़कर चले गए।

दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं। रपब्लिनक नेता जान थ्यून का आरोप है कि डेमोक्रेट्स ने कट्टर समर्थकों के दबाव में आकर सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन काम कर रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट नेता चक शूमर कह चुके हैं कि ट्रम्प अमेरिका के हेल्थ केयर प्रोग्राम को सिक्योर करने से इन्कार कर रहे हैं और शटडाउन के लिए जिम्मेदार हैं। सरकार का खुला रहना पूरी तरह डेमोक्रेट्स के हाथ में था। फंडिंग बिल पास होता तो शटडाउन टल सकता था।

वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है।



■ अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था
■ एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा

## ट्रम्प बांग्लादेश में एंट्री के लिए बेताब

■ अमेरिकी राष्ट्रपति का सेंट मार्टिन द्वीप पर रिसार्ट बनाने का प्लान विदेशियों के लिए स्पेशल जोन होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब बांग्लादेश में एंट्री की तैयारी में हैं। ट्रम्प ने बांग्लादेश के पूर्वी सेंट मार्टिन द्वीप में रिसार्ट (रिवेरा) निर्माण का प्लान बनाया है। यहां पर विदेशियों के लिए स्पेशल जोन बनेगा। सूत्रों के अनुसार हाल में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। इसमें सेंट मार्टिन द्वीप के बारे में चर्चा हुई थी। यूनुस ने ट्रम्प के एशिया क्षेत्र के विशेष सलाहकार सर्गियो गोर से भी मुलाकात की थी। इसमें भी सेंट मार्टिन के बारे में बातचीत हुई और इस द्वीप को अमेरिका को रिसार्ट के रूप में विकसित करने के पहलुओं को अंतिम रूप दिया गया। द्वीप को लीज पर देगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बताया जाता है कि सेंट मार्टिन द्वीप को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पहले लीज पर देगी। ये लीज 99 साल की होने वाली है। इस संबंध में बांग्लादेश और अमेरिकी सरकार के बीच घोषित और अघोषित करार हुए हैं।



उत्तर प्रदेश। वाराणसी में बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से गुजरते लोग।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या, गैस स्टेशन पर अज्ञात हमलावर ने गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डलास में 27 साल के भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैदराबाद के रहने वाले चंद्रशेखर शुक्रवार रात एक गैस स्टेशन पर काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी। चंद्रशेखर 2023 में हैदराबाद से पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने वहां डेंटल सर्जरी में बैचलर डिग्री पूरी की थी और छह महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई खत्म की थी। वे गैस स्टेशन पर पार्ट टाइम काम कर रहे थे। चंद्रशेखर के परिवार ने उनका शव भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। शनिवार को ठे विधायक सुदेश रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने हैदराबाद में उनके परिवार से मुलाकात की। राव ने ऑनलाइन पोस्ट में कहा: चंद्रशेखर के माता-पिता का दर्द देखकर मेरा दिल दहला गया। उन्होंने सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने फ्रेज़ियर को किया अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को माल्टा की वैनेसा फ्रेज़ियर को बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिये अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया। संरा की ओर से विज्ञप्ति के मुताबिक फ्रेज़ियर ने अर्जेंटीना की वर्जीनिया गाम्बा की जगह लेंगी। गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता के लिए गाम्बा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो की मौत

**नीस।** फ्रांस के नीस में मादक पदार्थ से जुड़े तस्करों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात नीस के लेस मौलिस नेबरहुड में हुई है। आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा कि नीस के मौलिग जिले में शुक्रवार शाम गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत और पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर हैं और उन्होंने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है।

### रूस: ज्वालामुखी में 9.2 किलोमीटर ऊंची राख के गुबार उठे

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर क्रोनोट्स्की ज्वालामुखी में शनिवार को समुद्र तल से 9.2 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठते हुए दिखाई दिए। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि राख का उत्सर्जन स्थानीय समयानुसार सुबह 11:50 बजे हुआ, जिससे ज्वालामुखी के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में लगभग 85 किलोमीटर तक राख का गुबार फैल गया।

### चीन में मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है। यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

## नेपाल के राजनीतिक उथल-पुथल से उत्तराखंड के एक अफसर बेचैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता की उथल-पुथल में भारत के कुछ आला अफसरान के पैसे डूबने की चर्चा काठमांडू में जोरो पर है।

बताया जाता है कि भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था। जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ है। इस तरह की चर्चा में कई अफसरों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें उत्तराखंड के एक बड़े अफसर और उनकी डाक्टर पत्नी का नाम भी चर्चा में है। इस अफसर पर खेती पानी महकमे में रहते गंभीर आरोप लग चुके हैं। इस तरह कई महकमों में उच्च पदों से होते हुए यह अफसर इन दिनों सेहत से जुड़े महकमे के आला अफसर हैं। इनकी पत्नी कहने को डाक्टर हैं लेकिन वे डाक्टरी छोड़ एनजीओ चलाती हैं। अफसर महोदय का हाल यह है कि वे जिस विभाग में रहते हैं वहां सरकारी धन के लूट खसोट का रास्ता तलाश ही लेते हैं। दरअसल यही उनके सरकारी धन की लूट का माध्यम है। इस अफसर की मदद तथाकथित मीडिया से जुड़े कुछ गोदी पत्रकार भी करते हैं।

■ भ्रष्टाचार के जरिये कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था
■ जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ

सेहत महकमे के यह उच्च पदाधिकारी अपनी पत्नी के एनजीओ के मार्फत अवैध धन का हेर फेर करते हैं। नेपाल के टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में भी इनके काले धन के निवेश की चर्चा है।


बताते हैं कि नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल से तमाम भारतीय निवेशकों के पैसे डूबने की आशंका है, ऐसे में वे काठमांडू में अपने संपर्कों के जरिए लगातार इस धन को बचाने व वापसी की जुगत लगा रहे हैं। उत्तराखंड की यह तो मोहतरमा भी खासा परेशान हैं। उत्तराखंड के इमानदार मुख्यमंत्री के रहते यह सब चल रहा है। सत्ता के इर्द-गिर्द रहकर ऐसे अफसर एक इमानदार छवि वाले मुख्यमंत्री को फजीहत उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक करा रहे हैं।

# पीओके में झुकी पाकिस्तान सरकार

## प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी, समझौते पर किए हस्ताक्षर

**मुजफ्फराबाद।** पीओके में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार को झुका दिया है। पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान ली हैं और समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इसके साथ ही पीओके में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद हो गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, जिनमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और सैंकड़ों घायल हुए। शनिवार को पाकिस्तान की संघीय सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की कई मांगें मान ली हैं। पीओके में बिगड़ते हालात को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को मुजफ्फराबाद भेजा। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दो दिनों तक गहन चर्चा की, जो बीती रात को समाप्त हुई। संसदीय कार्य मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएसी) के साथ अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रदर्शनकारी अपने घरों को लौट गए हैं। सभी सड़कें फिर से खोल दी गई हैं। यह शांति की जीत है। विरोध प्रदर्शन समाप्त करने के लिए 25 बिंदुओं वाले एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पाकिस्तान सरकार हिंसा में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा देगी, हिंसा की घटनाओं के लिए आतंकवाद के मामले दर्ज किए जाएंगे, जिनमें प्रदर्शनकारी मारे गए। शरीफ सरकार ने पीओके के मुजफ्फराबाद और पुंछ संभागों के लिए दो अतिरिक्त इंटरमीडिएट और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। स्थानीय सरकार मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य कार्ड के लिए धनराशि जारी करेगी और संघीय सरकार द्वारा पीओके के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।



■ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे

# अमेरिका बलूचिस्तान के पसनी में पोर्ट बनाए: पाक

## पोर्ट से खनिजों तक पहुंच आसान होगी, प्रस्तावित पोर्ट चीन के ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 112KM दूर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है। अमेरिका को यहां सैन्य बेस बनाने की इजाजत नहीं होगी। पासनी, ग्वादर पोर्ट (चीन का बंदरगाह) से सिर्फ 112 किमी दूर है। यह बंदरगाह अमेरिका को पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों जैसे तांबा और एंटीमनी तक आसान पहुंच देगा। इस प्रस्ताव के तहत एक नई रेल लाइन भी बनेगी जो इस बंदरगाह को पश्चिमी प्रांतों से जोड़ेगी। इसकी लागत करीब 1.2 अरब डालर (11 हजार करोड़ रुपये) हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग, व्हाइट हाउस या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह प्रस्ताव पाकिस्तान के लिए आर्थिक फायदा ला सकता है, लेकिन रीजन में चीन, ईरान और अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ सकता है। यह प्रस्ताव सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, आसिम मुनीर और ट्रम्प की बैठक के बाद दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प से पाकिस्तान के एग्रीकल्चर, तकनीक, माइनिंग और एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की अपील की थी। मुलाकात के दौरान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से पाकिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा एक ब्रीफकेस भी दिखाया था। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नामिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था।



# जापान में साने तकाइची पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी

## देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी है तकाइची

**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है।

ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। अध्यक्ष घोषित होने के बाद ताकाइची का तालियां बजाकर स्वागत किया गया। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताकाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था। एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।



■ एक ही सांसद से दो बार शादी की

# ईरान ने दी छह कैदियों को फांसी

■ इजरायल के लिए हमले का आरोप

**तेहरान।** ईरान ने शनिवार को छह कैदियों को मौत की सजा दी। इन पर आरोप था कि उन्होंने देश के तेल-समृद्ध दक्षिण- पश्चिमी क्षेत्र में इजरायल के लिए हमले किए।

ये कैदी इस साल के बढ़ते हुए फांसी के मामलों में शामिल हैं, जिसे दशकों में सबसे अधिक माना जा रहा है। ये फांसी जून में 12 दिनों तक चले ईरान-इजरायल युद्ध के बाद दी गई हैं, जिसमें तेहरान ने अपने दुश्मनों को देश में और बाहर निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ता चेतावनी देते हैं कि ईरान अक्सर अपने मृत्युदंड के मामलों में खासकर इजरायल से जुड़े मामलों में, जबरन लिए गए बयान और बंद कमरे में सुनवाई का सहारा लेता है। ईरान ने कहा कि इन लोगों ने पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों की हत्या की और ईरान के अशांत खुजस्तान प्रांत के खोर्रमशहर के आसपास के ठिकानों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों की योजना बनाई। उनके नाम तुरंत पहचाने नहीं जा सके और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने हमलों के बारे में बात करते हुए एक व्यक्ति का फुटेज प्रसारित किया, जिसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब विवरण सार्वजनिक किए जा रहे हैं। खुजस्तान की अरब आबादी लंबे समय से ईरान की केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव की शिकायत करती रही है, और विद्रोही समूहों ने निम्न-स्तरीय विद्रोह के तहत वहां तेल पाइपलाइनों पर हमले किए हैं।

# हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

## ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर राजी, कल विरोध के बाद आज पाक भी सपोर्ट में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पाइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजरायल को तुरंत गाजा में हमले बंद करने को कहा है। वहीं, इजरायल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ पाकिस्तान भी कल इस सीजफायर प्लान का विरोध करने के बाद आज इसके के सपोर्ट में आ गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान की तारीफ की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह प्लान गाजा में चल रहे युद्ध को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शहबाज शरीफ ने लिखा: हम अब गाजा में युद्धविराम के बहुत करीब हैं। हमास के बयान ने शांति का एक रास्ता खोला है, जिसे हमें बंद नहीं होने देना चाहिए। पाकिस्तान फलस्तीन में शांति लाने के लिए काम करेगा। पाकिस्तानी पीएम का बयान इसलिए अहम है क्योंकि कल ही पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्रस्ताव का खारिज कर दिया था। डार ने संसद में कहा था ट्रम्प का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजरायल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है।



■ हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया

## गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया है। मेलोनी ने ट्रंप की योजना पर हमास की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि गाजा संघर्ष के समाधान में प्राथमिकता संघर्षविराम और उसके बाद बंधकों की रिहाई होनी चाहिए। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं गाजा के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही हूं और पश्चिम एशिया में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का फिर से समर्थन करती हूं। अब सभी की प्राथमिकता एक ऐसे संघर्षविराम पर पहुंचने की होनी चाहिए जिससे सभी बंधकों की रिहाई तत्काल संभव हो सके।



# रश्मिका और विजय की सगाई का दावा

## दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बाक्स आफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने अंजनी पुत्रा और चमक जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म चालो से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई गीता गो. विंदम ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने देवदास, यजमाना, डियर कामरेड, भीष्म, सरिले नीकेव्वरु, पुष्पा द राइज और पुष्पा 2 द रूल जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की।

वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने एनिमल और छावा जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की सिकंदर में भी नजर आई हैं। रश्मिका की अपकमिंग फिल्मों में थामा और काकटेल 2 शामिल हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा ने 2011 में रवि बाबू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कामेडी फिल्म नुव्विला से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लाइफ इज ब्यूटीफुल (2012) और एवड़े सुब्रमण्यम (2015) जैसी फिल्मों में छोटे रोल प्ले किए। लीड रोल के तौर पर उनकी पहली फिल्म श्पेली चूपुलुश 2016 में आई, जो हिट रही। इसके बाद उन्होंने 2017 में द्वारका और फिर अर्जुन रेड्डी में एक्टिंग की। जिससे उन्हें खास पहचान मिली।

# आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया: भूमि



**सिंगापुर।** भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनियाभर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और जम्मिेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएं नही दिखती थी। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़िकयां नही दिखी। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और जडादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाउंगी। भूमि ने कहा कि उनकी पहली फिल्म दम लगा के हईशा ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई।

# युजवेंद्र चहल संग शादी पर धन्या का रिएक्शन

## बोलीं-शादी का कोई प्लान नहीं था, प्यार मिला तो कर ली थी



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ और कोरियोग्राफर धन्या वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फाल में नजर आ रही हैं। शो में वह अक्सर पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने चहल से अपनी शादी और तलाक को लेकर बात की।

इस दौरान वह इमोशनल भी हो गईं। दरअसल, शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धन्या वर्मा और अर्जुन बिजलानी आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अर्जुन धन्या से पूछते हैं क्या आपकी लव मैरिज थी? इस पर धन्या जवाब देती हैं, लव-अरेंज थी। शुरुआत अरेंज से हुई थी। वो बिना डेट किए शादी करना चाहते थे। मेरा कोई प्लान नहीं था शादी का। अर्जुन ने फिर पूछा, तो फिर आपने शादी क्यों की? धन्या ने जवाब देती हैं, मुझे प्यार दिया गया, जिससे मुझे लगा कि शादी कर लेती हूं। अगस्त में हमारा रोका हुआ था और दिसंबर में हमने शादी कर ली। इस दौरान मैं उनके साथ ट्रैवल भी करती थी। हम साथ रहते थे। तभी मैं थोड़े-थोड़े बदलाव देख रही थी। इस बातचीत के दौरान धन्या इमोशनल हो जाती हैं और उनकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। अर्जुन बिजलानी उन्हें दिलासा देते हैं और उनके आंसू पोछते हैं। यह पहली बार नहीं था जब धन्या ने चहल के बारे में कुछ कहा हो। इससे पहले भी धन्या चहल पर गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने दावा किया था कि शादी के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्होंने अपने एक्स पति को धोखा देते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। दरअसल, शो के एक सेगमेंट में वह डाइनिंग टेबल पर नाश्ते के दौरान एक्ट्रेस कुब्रा सैत से अपनी शादी को लेकर बात करती दिखीं। वीडियो में कुब्रा धन्या वर्मा से पूछती नजर आ रही हैं कि उन्हें पहली बार कब एहसास हुआ कि उनकी शादी युजवेंद्र चहल के साथ नहीं टिक पाएगी। इस पर धन्या ने जवाब दिया, पहले ही साल में शादी के दूसरे महीने में ही उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। वहीं, दोनों की बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धन्या वर्मा से शादी की दिसंबर 2020 में हुई। वहीं, जून 2022 में दोनों अलग हो गए।

# इंडियाज गाट टैलेंट में जज बनेंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**मुंबई।** सोनी टीवी और सोनी लिव पर आज से इंडियाज गाट टैलेंट का नया सीजन शुरू हो रहा है। इस बार नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान जज की भूमिका में नजर आएंगे। संवाददाता से बातचीत में नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने जीवन, अनुभवों और इस शो में प्रतिभाओं को देखने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। क्रिकेट में मेरा बल्ला बोला, कामेंट्री में मेरी आवाज ने लोगों तक पहुंच बनाई और राजनीति में मेरी वाणी ने असर डाला। लेकिन इंडियाज गाट टैलेंट के मंच पर दर्शक मुझे मेरे असली स्वरूप में देख पाएंगे। पहली बार ऐसा हुआ कि मैं मंच पर भावुक हो गया। यह मेरे लिए एक नया और बेहद गहरा अनुभव था। मंच हमेशा से मेरे लिए खास रहा है, लेकिन यह मंच मुझे सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभागियों की भावनाओं से भी जोड़ता है। यह आत्म-अनुशासन, त्वरित निर्णय और प्रेजेंस आफ माइंड का संगम है। आपके वन-लाइनर्स, शायरियां और संवाद इतने सहज और प्रभावशाली कैसे बनते हैं? यह भीतर की ऊर्जा और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। मैं मानता हूं कि मन में अपार शक्ति होती है। जरूरत सिर्फ उसे पहचान. ने और सही दिशा में मोड़ने की होती है। कई बार एक ही पंक्ति में विचार, भावना और संदेश तीनों समा जाते हैं। यही है कम शब्दों में गहरी बात कहने की कला। शो की थीम दुनिया का सबसे बड़ा रोग- क्या कहेंगे लोग? इस पर आपकी राय क्या है? सबसे बड़ा रोग है दूसरों की राय और डर के जाल में फंस जाना। लोग हमेशा सोचते रहते हैं कि क्या कहेंगे। यही रोग हमें अपने असली स्वभाव और प्रतिभा से दूर करता है। इस शो में यही दिखाया गया है कि डर और चिंता से मुक्त होकर ही कोई अपना असली रूप दिखा सकता है। अजब हैं, गजब हैं थीम के बारे में आपका क्या कहना है? यह शो की प्रतिभाएं जो सामान्य सोच से अलग हैं, उन्हें दर्शाने का तरीका है। इन प्रतिभाओं को देखकर यही लगता है कि दुनिया में अद्भुत शक्ति हर किसी के भीतर है, बस उसे पहचानने वाली नजर चाहिए। आपके जीवन और अनुभवों ने इस शो पर कैसे असर डाला? मैंने अपने खान-पान, अनुशासन और ध्यान से अपने मन को नियंत्रित किया। अब दर्शक मुझे मंच पर एक शांत, केंद्रित और प्रेरित स्वरूप में देखेंगे। स्वामी विवे. कानंद ने मुझे सिखाया कि असली शक्ति भीतर होती है। किताबों में नहीं, अनुभव में है। मन को समझना और उसे नियंत्रित करना ही असली कला है।

# निखिल ने खोला बंदर के टाइटल के पीछे का राज

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर/मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी। ऐसे में निर्माता निखिल ने बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे। निखिल ने बताया कि मैंने बंदर नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था। लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा।

निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि बंदर 'मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है। निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सघ्र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था। कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है। और एक दिन उन्होंने यूं ही इसका घ्क्रि किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नही रख देते?

# रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद वापस मिला पासपोर्ट

## एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखा दूसरे चैप्टर के लिए तैयार हूं

**मुंबई।** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद उनका पासपोर्ट वापस मिल गया है। यह पासपोर्ट उन्हें तब मिला जब हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया। यह मामला दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ा था। जिनके साथ रिया रिलेशनशिप में थीं। रिया ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एयरपोर्ट पर अपना पासपोर्ट पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं।


उन्होंने लिखा, पिछले 5 सालों में धैर्य ही मेरा पासपोर्ट था। अनगिनत लड़ाइयां। अंतहीन उम्मीद। आज फिर मेरा पासपोर्ट मेरे हाथ में है। अब अपने चैप्टर 2 के लिए तैयार हूं। सत्यमेव जयते। सुशांत की मौत के बाद रिया को हिरासत में लिया गया था। सितम्बर 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उन्हें ड्रग केस में गिरफ्तार किया। पासपोर्ट जमा करने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।

30 सितम्बर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीबी को एक्ट्रेस का पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिया था। वकील अयाज खान के जरिए दायर अपनी एप्लिकेशन में, रिया ने दलील दी थी कि पासपोर्ट जमा होने के कारण रिया को प्रोजेक्ट्स में देरी हुई और कई प्रोजेक्ट्स मिस हुए हैं। मामले में रिया के वकील ने कहा था कि एक्ट्रेस ने जमानत की सभी शर्तों का पालन किया और कभी भी कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया।

रिया की ओर से मामले में कहा गया था कि उनके प्रोफेशन के चलते शूटिंग, आडिशन और मीटिंग के लिए उन्हें अक्सर विदेश जाना पड़ता है। रिया ने सोनाली केबलश और जलेबी जैसी फिल्मों में काम किया है। वह टीवी शो एमटीवी रोडीज में भी नजर आई थीं। वहीं, एनसीबी ने एडवोकेट एस के हलवासिया के माध्यम से याचिका का विरोध किया था और तर्क दिया कि सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए तथा चेतावनी दी थी कि उनके फरार होने का खतरा हो सकता है।

हालांकि, जस्टिस नीला गोखले ने कहा था कि मामले में अन्य आरोपियों को भी इसी तरह की छूट दी गई थी और उन्होंने कहा कि रिया चक्रवर्ती ने ट्रायल में सहयोग किया था। हर विदेश यात्रा के बाद वापस लौटीं और कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया। 7 अक्टूबर, 2020 को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती को मुंबई की भायखला जेल से रिहा कर दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था कि मुकदमे के समापन तक उनकी उपलब्धता पर संदेह करने का कोई कारण नहींह्न है। उनकी याचिका को स्वीकार करते हुए पीठ ने निर्देश दिया था कि रिया को सभी सुनवाई डेट पर उपस्थित रहना होगा, जब तक कि निचली अदालत द्वारा उन्हें छूट न दी जाए। साथ ही विदेश यात्रा से पहले उन्हें प्रासीक्यूशन एजेंसी को कम से कम चार दिन पहले अपनी पूरी ट्रैवल डिटेल, होटल और फ्लाइट डिटेल उपलब्ध करानी होगी। अपना संपर्क नंबर शेयर करना होगा, अपना फोन चालू रखना होगा और वापस लौटने पर अधिकारियों को सूचित करना होगा।



यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108